卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 188 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦ 18 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## ईडी ने जब्त की राज कुंद्रा की 98 करोड़ की संपत्ति



मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अभिनेता शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले पर एक्शन लिया है। ईडी ने बताया कि पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत रिपु सूदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा से संबंधित 97.79 करोड़ रुपये की अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया गया है। इस संपत्ति में उनका जुहू स्थित फ्लैट भी है, जो शिल्पा के नाम पर है। ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) एक्ट 2002 के प्रावधानों के तहत ये कार्रवाई की है। जब्त की गई संपत्तियों में जुहू का एक फ्लैट, पुणे का बंगला और राज कुंद्रा के नाम से कई इक्विटी शेयर भी शामिल हैं। ईडी ने महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। ये एफआईआर एम/एस वेरिएबल टेक प्रा. लिमिटेड, अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिंपी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और कुछ एजेंट के खिलाफ दर्ज की गई थी। इन एफआईआर में कहा गया है कि इन लोगों ने लगभग 6600 करोड़ रुपये के बिटकॉइन 2017 में झूठे वादों के (शेष पृष्ठ सात पर)

## मनी लॉड्रिंग के मामले में आप विधायक से पूछताछ



नई दिल्ली (उद संवाददाता)। दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी नेता अमानतुल्लाह खान गुरुवार सुबह 11 बजे ईडी दफ्तर पहुंचे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने 18 अप्रैल को ईडी के सामने पेश होने का आदेश दिया था। ईडी के नोटिस पर अमानतुल्लाह खान के पेश ना होने पर निचली अदालत भी समन जारी कर चुकी है। इसके साथ ही ईडी, अमानतुल्लाह खान का गैर जमानती वारंट जारी करने की भी मांग कर चुकी है। अमानतुल्लाह खान पर आरोप है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने 32 लोगों को अवैध रूप से भर्ती किया। इसके साथ ही उसने अवैध रूप से दिल्ली वक्फ बोर्ड की कई संपत्तियों को किराए पर दिया है। ये भी आरोप लगाया गया है कि उसने दिल्ली वक्फ बोर्ड के धन का दुरुपयोग किया है। जिसके बाद खान के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## कड़ी सुरक्षा के साथ पोलिंग टीमें हुई रवाना

### डीएम और एसएसपी ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कल 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव की मतदान टीमें कड़ी सुरक्षा के साथ रवाना हुईं। इस दौरान रिटर्निंग आफीसर जिलाधिकारी उदयराज सिंह तथा एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ पोलिंग पार्टियों की रवानगी की व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आरओ उदयराज सिंह ने बताया कि शातिपूर्ण मतदान कराने के लिए 7960 कार्मिक लगाये गये हैं। जिले में 1465 बूथ बनाये गये हैं। जिनमें 241 संवेदनशील व 160 अतिसंवेदनशील बूथ चयनित किये (शेष पृष्ठ सात पर)







तैयारियों के मद्देनजर आज बगवाड़ा मंडी से जनपद में स्थापित पोलिगं बूथों के लिए

## मतदान सामग्री वितरण के दौरान गश खाकर गिरा मतदान कर्मचारी

रूद्रपुर। बगवाड़ा मंडी में मतदान सामग्री वितरण के दौरान प्रातः किच्छा विधानसभा के बनाये गये काउंटर में उस समय हड़कम्प मच गया जब ड्यूटी पर तैनात किया गया एक कर्मी किच्छा नगरपालिका में कार्यरत पर्यावरण मित्र



अरूण पुत्र महबूब अचानक गश खाकर वहीं गिर गया। अचानक हुई इस घटना से मौके पर मौजूद मतदान अधिकारियों में हड़कम्प मच गया । आनन फानन में कर्मी को एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया।

## पैर में प्लास्टर बांधे शिक्षिका पहुंची ड्यूटी पर

रूद्रपुर। बगवाड़ा मंडी में चुनाव ड्यूटी का फर्ज निभाने के लिए काशीपुर से एक शिक्षिका भी सहायिका की मदद से यहां पहुंची। काशीपुर के मौहल्ला



थाना साबिक के सरकारी विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका शमीम बानो ने बताया कि भले ही उसके पैर में प्लास्टर बंधा है और उसे चलने में परेशानी हो रही है परंतु लोकतंत्र के इस पर्व में अपना फर्ज निभाने के लिए वह पीछे नहीं हटेगी इसके लिए वह पूरी तरह से तैयार है। शिक्षिका शमीम बानों के इस जज्बे की एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने भी सराहना की।

## चैती मेला देखने निकले व्यक्ति की सुबह घर पहुंची लाश

### संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिवार में कोहराम, छानबीन में जुटी पुलिस



काशीपुर(उद संवाददाता)। मजदूरों के साथ ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर चैती मेला देखने निकले एक व्यक्ति की बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम अंगदपुर जसपुर निवासी 40 वर्षीय राजीव कुमार पुत्र महेंद्र सिंह खेती किसानी करता था। पता चला है कि बुधवार की सुबह वह भट्ठे पर काम करने वाले लगभग दो दर्जन से अधिक मजदूरों को ट्रैक्टर ट्राली में बिठाकर घर से चैती मेला देखने निकला। परिजनों ने बताया कि सुबह गांव का ही विजय पुत्र कृपाल सिंह राजीव की लाश को कंधे पर लादकर घर पहुंच गया। उसने बताया कि दुर्घटना की चपेट में आने से राजीव की मौत हो गई जबकि पुलिस का मानना है कि हृदय गति रुकने के कारण मजदूर के प्राण पखेरू उड़ गए। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की 12 वर्षीय पुत्री ऐसी (शेष पृष्ठ सात पर)

## मौत के मुंह में समाया गुप्ता पावर प्लांट का कर्मचारी

काशीपुर। महुआखेड़ा गंज स्थित गुप्ता पावर प्लांट में कार्य करने वाले एक हेल्पर की ड्यूटी के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक जटपुरा महावतपुर अफजलगढ़ जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी संतोष कुमार 48 वर्ष पुत्र हरि सिंह पिछले लगभग 8 वर्ष के करीब से महुआखेड़ा गंज स्थित गुप्ता पावर प्लांट में हेल्पर के तौर पर कार्य किया करता था। बताया जा रहा है कि नाइट ड्यूटी के दौरान गत बुधवार की रात्रि अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। कंपनी के अन्य कर्मचारियों को जब इसका पता चला तो गार्ड की मदद से हेल्पर को तत्काल बाजपुर रोड स्थित (शेष पृष्ठ सात पर)

## यूपी से वोटिंग कर नैनीताल का सांसद चुनेंगे 1143 मतदाता

### सितारगंज विधानसभा क्षेत्र के बरा निवासी वोटरों को बहेड़ी में करना होगा मतदान

■ **हनीफ बाबा**

सितारगंज। उत्तराखंड के सितारगंज विधानसभा क्षेत्र के 1143 महिला, पुरुष मतदाता उत्तर प्रदेश की धरती में मतदान कर नैनीताल लोकसभा सीट से सांसद चुनेंगे। निर्वाचन आयोग ने भौगोलिक स्थिति के अनुरूप सितारगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरा के 1143 महिला पुरुष वोटरों के लिए उत्तर प्रदेश के बहेड़ी जिला बरेली के अंतर्गत आने वाले राजकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय को मध्य स्थल निर्धारित किया है। बीएलओ संतोष चौधरी ने इसकी पुष्टि की है। 19 अप्रैल को नैनीताल लोकसभा सीट पर मतदान को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। मतदाताओं की निर्वाचन आयोग ने सूची भी जारी कर दी है। सितारगंज विधानसभा क्षेत्र में मतदान के लिए 136 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। जिन पर महिला पुरुष और थर्ड जेंडर किन्नर मतदान करेंगे। विधानसभा क्षेत्र के 136 पोलिंग बूथ में एक भूत ऐसा है जो भौगोलिक दृष्टि से उत्तर प्रदेश बरेली जिले के थाना बहेड़ी के अंतर्गत आ रहा है। ग्राम बरा के महिला पुरुष 1143 मतदाताओं के लिए बहेड़ी के राजकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय मतदेय स्थल बनाया गया है। जहां पर उत्तराखंड राज्य के सितारगंज विधानसभा क्षेत्र के 1143 मतदाता उत्तर प्रदेश की धरती में बनाए गए पोलिंग बूथ पर मतदान कर उत्तराखंड नैनीताल लोकसभा सीट के लिए सांसद चुनेंगे। इस पोलिंग बूथ पर 617 पुरुष 526 महिला मतदाता है। इसके अलावा 136 पोलिंग बूथ में भौगोलिक दृष्टि से उत्तराखंड के ग्रामीण अंचलों में मध्य स्थल बनाए गए हैं। शुक्रवार को होने वाले मतदान में सितारगंज विधानसभा क्षेत्र से 128121 महिला पुरुष और किन्नर मतदाता मतदान करेंगे। विधानसभा क्षेत्र में महिला पुरुष मतदाताओं में 5389 का अंतर निकला है। जिनमें 128115 महिला पुरुष (शेष पृष्ठ सात पर)

## चुनावी फायदे के लिए सफेद झूठ बोल रहे थे कांग्रेस प्रत्याशीःभट्ट

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। केंद्रीय मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी अजय भट्ट द्वारा सांसद निधि पूरी खर्च नहीं किये जाने को



लेकर कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा उठाये गये सवाल पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने मामले में स्थिति स्पष्ट कर दी है। जिला मजिस्ट्रेट एवं रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह ने सांसद निधि खर्च को लेकर की गई शिकायत को निस्तारित करते हुए स्पष्ट किया है कि सांसद अजय भट्ट ने अपनी पूरी सांसद निधि खर्च की है और कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा लगाए गए आरोप असत्यापित आंकड़ों पर आधारित थे। इसलिए गलत तथ्यों के आधार पर किसी प्रत्याशी पर आरोप लगाना भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित आदर्श आचार संहिता मैनुअल के अध्याय 4 के प्रस्तर 4.4.2 के (क) (02) (शेष पृष्ठ सात पर)

# सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगी वोटिंग

## 19 अप्रैल को उत्तराखंड की पांचों सीटों पर 55 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में होगा कैद

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए 15 हजार ईवीएम और वीवीपैट लगाई गई हैं। 19 अप्रैल को 55 प्रत्याशियों का भाग्य इनमें कैद हो जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया, प्रदेश में शुक्रवार को मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। शाम पांच बजे तक जो मतदाता मतदेय स्थल के भीतर प्रविष्ट हो जाएंगे, वह वोट डाल सकेंगे। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। 65 कंपनी सीएपीएफ लगाई गई हैं। राज्य की 20 कंपनी पीएसी लगाई गई हैं। 15 हजार होमगार्ड के जवान भी ड्यूटी पर रहेंगे, जिनमें से नौ हजार जवान यूपी, दो हजार हिमाचल, दो हजार दिल्ली और दो हजार हरियाणा से आए हैं। देहरादून। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया, उत्तराखंड और इससे लगे हुए यूपी के उन जिलों, जहां पर प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान होने वाला है, में 17 अप्रैल को शाम पांच बजे से लेकर 19 अप्रैल को शाम छह बजे तक शराबबंदी लागू रहेगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री विजय कुमार जोगदंडे ने बुधवार को सचिवालय में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा



कि राज्य में 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 07:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक मतदान होना है। राज्य में बुधवार सायं 05:00 बजे से चुनाव प्रचार करने की समयावधि समाप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मतदान की समाप्ति से 48 घण्टे पूर्व 17 अप्रैल 2024 को सायं 05:00 बजे के बाद से समाचार पत्रों में कोई भी राजनैतिक दल, उम्मीदवार, कोई अन्य संगठन या व्यक्ति को कोई भी विज्ञापन प्रकाशित करने से पूर्व राज्य अथवा जिला स्तरीय एमसीएमसी से अनुमति/प्रमाणन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार प्रथम चरण के मतदान प्रारम्भ होने के समय से अन्तिम चरण के मतदान समाप्त होने के आधे घण्टे बाद तक एक्जिट पोल अथवा मतदान दिवस से 48 घण्टे पूर्व की अवधि में ओपिनियन पोल करना और उसका प्रकाशन/प्रसारण प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि राज्य में आज सायं 05 बजे से मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना के दिवस पर ड्राई डे घोषित किया गया है। 07 मई 2024 को उत्तर प्रदेश के बरेली जनपद में 05 मई सायं 06 बजे से 07 मई को सायं 06 बजे तक बरेली से लगे हुए राज्य के उधमसिंह नगर क्षेत्र में ड्राई डे प्रभावी रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में और उत्तराखण्ड से लगे हुए उत्तर प्रदेश के उन जनपदों में जहां पर प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 को मतदान होने वाला है, उन क्षेत्रों में 17 अप्रैल 2024 को सायं 05 बजे से लेकर 19 अप्रैल 2024 को सायं 06 बजे तक ड्राई डे प्रभावी रहेगा। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दृष्टिगत अन्य राज्यों में विभिन्न चरणों में होने वाले मतदान के दौरान उनकी सीमा से उत्तराखण्ड के जो जनपद लगे हैं, उन जनपदों की 03 किमी की परिधि के भीतर ही ड्राई डे प्रभावी होगा। उन्होंने बताया कि मतदान से 02 दिन पहले प्रस्थान करने वाली पोलिंग पार्टियों का आज प्रस्थान हुआ है। मतदान से तीन दिन पहले प्रस्थान करने वाली 12 पोलिंग पार्टियों ने कल प्रस्थान किया था। सभी पोलिंग पार्टियों द्वारा अपने प्रस्थान की सूचना पीडीएमएस पोर्टल पर उपलब्ध कराई जा रही है।

# हरदा ने लगाया अब धन बल और शराब बल का सहारा लेने का आरोप

## सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा: कांग्रेस को चौबिसों घंटा सजग पहरूवे के तरीके से रहने की आवश्यकता

हरिद्वार(उद संवाददाता)। पूर्व सीएम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद प्रदेश में सत्तासीन भाजपा पर धनबल और शराब बल का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में पूर्व सीएम हरदा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चेतावनी देते हुए लिखा है कि कांग्रेस को चौबिसों घंटा सजग पहरूवे के तरीके से रहने की आवश्यकता है, उनके अथक परिश्रम से पांचों सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों की जीत की संभावनाएं बहुत बढ़ गई हैं। घबराई हुई भाजपा ने अब धन-बल और शराब बल का सहारा लेने का निर्णय ले लिया है। 17 और 18 की रात कतल की रात के तौर पर ले रही है भाजपा और अपने शराब तंत्र को और धन बांटने के तंत्र को उन्होंने बहुत सक्रिय कर दिया है। मुझे मालूम पड़ा है कि हरिद्वार के एक विधायक को खरीद-फरोख्त और शराब



बांटने के एक्सपर्ट हैं, उनकी विशेष मदद ली जा रही है, शराब बांटने के तंत्र को और अधिक दक्ष बनाने के लिए, धन बांटने के लिए, कुछ झोलाछाप लोगों जो हर विधानसभा में कार्यरत हैं उनको यह दायित्व सौंपा गया है। यदि आपको अपने अड़ोस-पड़ोस में कोई एक संगठन विशेष का कार्यकर्ता जो अपने को गैर राजनीतिक बताता है, उसका कार्यकर्ता कहीं दिखाई दे तो आप यह मानकर के चलिए कि वह आपके मोहल्ले और उस क्षेत्र में धन बांटने का काम कर रहा है। आपको इलेक्शन कमिशन से शिकायत रजिस्ट्रर्ड करने की आवश्यकता है।

# जनविरोधी नीतियों से त्रस्त जनता बीजेपी को सबक सिखायेगी : प्रीतम

देहरादून। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस के चुनाव कंपेनिंग समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने टिहरी और हरिद्वार लोकसभ सीट पर पाटी के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने जनससम्पर्क कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। देहरादून में पलटन बाजार में टिहरी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी श्री जोत सिंह गुनसोला के साथ



विधानसभा राजपुर रोड़ अंतर्गत पलटन बाजार में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में कांग्रेस न्याय गारंटी के साथ आमजन से जनसंपर्क करते हुए कांग्रेस के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। प्रदेश में ध्वस्त कानून व्यवस्था, बढ़ती हुई बेरोजगारी, बेतहाशा महंगाई सहित केंद्र व राज्य सरकार और बीजेपी की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त आमजन अब बदलाव का मन बना चुका है। आमजनता का आशीर्वाद निश्चित ही कांग्रेस पार्टी को पांचों सीटो पर मिल रहा है।

# बॉबी के लिए नहीं, अपने बच्चों के लिए वोट करें !

देहरादून। टिहरी लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार एंव बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि पूरे प्रदेश वासियों से जो आप लोगों का प्यार मिल रहा है आप लोगों ने आजीवन मुझे अपना ऋणी बना दिया है। आपके इस ऋण का मूल्य तो आजीवन तक नहीं चुका सकता, लेकिन आप लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास रहेगा। टिहरी लोकसभा से बॉबी पंवार चुनाव नहीं लड़ रहा है बल्कि टिहरी लोकसभा के लगभग 16 लाख मतदाता स्वयं चुनाव लड़ रहे हैं। मैं युवाओं से अपील करता हूं कि अपने माता-पिता को समझाएं कि उनका खुद का बेटा इस बार चुनाव लड़ रहा है और वह बॉबी के लिए नहीं बल्कि अपने बच्चों के लिए वोट करें। ये आगाज है एक लड़ाई की ! ये आगाज है उत्तराखंड स्वाभिमान मिशन की !

# विकसित भारत निर्माण के उद्देश्य से मतदान करेगी जनता : त्रिवेंद्र

हरिद्वार। हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जोरदार रोड शो कर मतदाताओं से समर्थन मागा। वहीं पीएएम नरेंद्र मोदी द्वारा भेजे गये शुभकामना पत्र मिलने पर त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पीएम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी, आपको भी रामनवमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आगामी 19 अप्रैल को पूरे उत्तराखंड की जनता आपके हाथों को मजबूत करने तथा विकसित भारत निर्माण के उद्देश्य से मतदान करेगी। देवभूमि रुउत्तराखंड का सदैव ध्यान रखने के लिए आपका आभारी हूं। उन्होंने कहा कि मतदान से पूर्व चुनाव प्रचार का सिलसिला खत्म होने से पहले



झबरेड़ा में इस अभूतपूर्व यात्रा का अंतिम रोड शो किया। यकीन मानिए, पिछले दिनों की सारी थकान आज रोड शो में मिले स्नेह ने पूरी तरह दूर कर दी। इस यात्रा के दौरान लोकसभा हरिद्वार के हजारों लाखों लोगों ने मेरा साथ दिया, मुझे ऊर्जा दी। उन सभी का हार्दिक धन्यवाद। साथ ही भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का उनकी मेहनत और लगन के लिए आभार जताता हूं। 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव हेतु मतदान होना है। आप सभी मुझे पुनः अपना आशीर्वाद देंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।

# महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है : प्रदीप

अल्मोड़ा। कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा ने संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है और एक स्वर में कह रही है कि 19 अप्रैल को हाथ के पंजे के सामने वाला बटन दबाकर महंगाई, बेरोजगारी, असुरक्षा और असमानता से हमेशा-हमेशा के लिए छुटकारा पाएंगे। चुनाव प्रचार के अतिम दिन कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा ने अल्मोड़ा सोमेश्वर विधानसभा के मटेला, सुरी, गटसियारी, उखीना, काकडीघाट, खान, डुंगरा, जाला, कलनू, शिवाली, देहोली, शिमोली, भैसोली



उरोली, तरखेत, मनमुजुना, मजखाली, द्वारसू, बाबुरखोला, खतपुरिया आदि गावों में जनसंपर्क व नुक्कड सभाएं की इस दौरान पूर्व दर्जा मंत्री श्री राजेन्द्र बाराकोटी जी सहित कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व साथी मौजूद रहे ।वहीं अल्मोड़ा में जनसभा कर चुनाव प्रचार के लिए जनसभ में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष करन महरा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह कुन्जवाल, अल्मोड़ा विधायक श्री मनोज तिवारी, द्वाराहाट विधायक श्री मदन सिंह बिष्ट, सोमेश्वर विधायक प्रत्याशी व पूर्व दर्जा मंत्री श्री राजेन्द्र बाराकोटी सहित कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं साथियों का ह्दय से आभार किया। जनता को भाजपा कि 10 साल कि सरकार का विश्लेषण करना होगा कि 10 साल पहले भाजपा महंगाई, बेरोजगारी, कालाधन, भर्ष्टाचार समाप्त करने को लेकर सरकार में आयी थी। इन 10 सालो में बेरोजगारी सबसे ज्यादा बड़ी है। महंगाई आज चरम पर है। भाजपा बदले कि राजनीति कर विपक्ष मुक्त सरकार बनाना चाहती है। कांग्रेस गरीबों का कर्ज माफ करती है और भाजपा सिर्फ चंद उद्योगपतियों का हजारों करोड़ का कर्जा माफ करती है।

# डीएम वन्दना सिंह ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

हल्द्वानी।जिला निर्वाचन अधिकारी वन्दना सिंह ने आज विभिन्न विधानसभाओं की पोलिंग पार्टियों को सामग्री वितरण के दौरान एम बी पी जी कॉलेज स्थित निर्वाचन कार्यालय के कंट्रोल रूम और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आज विधानसभा भीमताल की दूरस्थ क्षेत्रों के लिए 57 पोलिंग पार्टियों को बूथों के लिए रवाना किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने कहा कि म्टड और पोलिंग पार्टियों के परिवहन हेतु प्रयोग होने वाले वाहनों की लगातार जीपीएस ट्रैकिंग करने के निर्देश दिए। कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान नोडल कन्ट्रोल रूम को निर्देशित किया कि मतदाता पहचान पत्र, वोटर आईडी कार्ड के संबंध में आने वाली पूछताछ संबंधी कॉल्स में कॉलर को सही जानकारी दें तथा वोटर आईडी कार्ड के स्थान पर मतदाता की पहचान हेतु और किन दस्तावेजों का प्रयोग मतदान के दिन किया जा सकता है इसके विषय में भी



सही प्रकार से वोटर्स को जानकारी दें। उन्होंने वेब कास्टिंग नोडल अधिकारी को निर्वाचन के दिन मतदान केंद्रों की वेब कास्टिंग में किसी तरह की समस्या नहीं हो इसके लिए सभी बूथ आपरेटरों से प्रभावी समन्वय करने की बात कही, नोडल अधिकारी द्वारा सभी 505 बूथों पर वेबकास्टिंग कैमरा स्थापित किए जाने और सफल टेस्टिंग पूर्ण होने की जानकारी जिलाधिकारी को दी गई । इसी के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने आम जन से अपील की है कि यदि किसी कारणवश किसी मतदाता के पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है तो ऐसे मतदाताओ को परेशान होने की जरूरत नहीं है। यदि आपका नाम मतदाता सूची में है तो बूथ पर जाकर वैकल्पिक दस्तावेजों के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। जिन मतदाताओं के पास मतदाता फोटो पहचान पत्र (म्च्प्ब्बात्क) नहीं है,वह मतदान के दिन मतदान केंद्र पर आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक/डाकघर में जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, भारतीय पासपोर्ट, केन्द्र/राज्य सरकार लोक उपक्रम/ पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदो/विधायकों/ विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, आदि के माध्यम से अपनी पहचान स्थापित करके मतदान कर सकते हैं।

# कांग्रेस प्रत्याशी गोदियाल को चुनाव आयोग ने दी चेतावनी

देहरादून। उत्तराखंड में गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल को चुनाव आयोग ने चेतावनी दी है। उन्हें हाल ही में जिला निर्वाचन अधिकारी पौड़ी व आरओ गढ़वाल सीट डा. आशीष चौहान ने नोटिस भेजकर 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा था। जवाब दाखिल करने के बाद अब आयोग ने गोदियाल को चेतावनी दी है कि भविष्य में अपुष्ट तथ्यों के आधार पर कोई भी भ्रामक प्रचार न करें। बता दें कि गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा के मुख्य निर्वाचन अभिकर्ता (चीफ इलेक्शन एजेंट) जगत किशोर बड़थ्वाल ने जिला निर्वाचन विभाग पौड़ी को आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर एक शिकायत सौंपी थी। शिकायती पत्र में बड़थ्वाल ने बताया कि बीते 12 अप्रैल को कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने अपने सोशल मीडिया (फेसबुक) पर वीडियो जारी किया था, जिसमें बताया गया कि एक प्लांट से शराब पकड़ी गई है। वह चुनाव में बांटने के लिए लाई गई थी। वीडियो में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ तथ्यहीन दुष्प्रचार किया। कहा कि सतपुली के समीप बोटलिंग प्लांट बीते जनवरी 2024 में सील हो गया था। वह प्लांट सरकार के नियंत्रण में है। आरोप लगाया कि गोदियाल ने भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ सारे तथ्यहीन व निराधार आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा यह भाजपा प्रत्याशी की राजनीतिक छवि को धूमिल करने का षडयंत्र है। साथ ही यह उनके चुनाव प्रचार को प्रभावित करने का प्रयास है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए आयोग ने गोदियाल को नोटिस जारी किया था।

# तुलसी परिक्रमा के साथ हरिनाम संकीर्तन व विशाल भंडारा संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्री राधा गोविंद मंदिर आई ब्लॉक जी ट्रॉजिट कैंप में सार्वजनिक श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन समिति द्वारा आयोजित सार्वजनिक श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा का आज प्रातः तुलसी परिक्रमा के साथ समापन हुआ। आमंत्रित कीर्तन मंडलियों अनिमा संप्रदाय ( वारासात, कोलकाता), भाई बुन बाउल संप्रदाय (छत्तीसगढ़), राधा गोविन्दो संप्रदाय (महाराष्ट्र), लक्ष्मी नारायण संप्रदाय (न्यूरिया, उप्र), राधे राधे संप्रदाय( मियांपुर, उप्र) व राधा कृष्ण संप्रदाय (दिनेशपुर) द्वारा निरंतर हरिनाम संकीर्तन किया गया। जिसमे नगर तथा आस पास क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हरिनाम संकीर्तन का श्रवण कर आर्शीवाद प्राप्त किया। आयोजन समिति अध्यक्ष परिमल राय ने कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए समिति के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों,सेवादारों के साथ ही सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। आज प्रातः भी मंदिर में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जो हरि नाम कीर्तन नसुनकर भक्ति में पूरी तरह से मग्न हो गए। इस दौरान आयोजन



समिति सार्वजनिक श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन समिति के अध्यक्ष परिमल राय, उपाध्यक्ष सुबीर दास, शकर विश्वास, सचिव कृष्ण पद विश्वास, पिंटू राय, उप सचिव विजय साना, कोषाध्यक्ष केना मंडल, उप कोषाध्यक्ष विश्वजीत मंडल, संगरक्षक दिलीप अधिकारी, उत्तम दत्ता, तरुण दत्ता, चंद्र शेखर गांगुली, अजीत शाह, राजकुमार शाह, प्रभास स्वर्णकार, जपन राय चौधरी, सुमित राय, मोहन उपाध्याय, धीमान विश्वास, निर्मल मंडल, संजय राय, सुशांत मंडल, असीम मंडल, नरेश सरकार, केरू मण्डल, गौतम सिकदार, शुभम दास, बाबू सिकदार, ब्रजेन मिस्त्री, अमल राय, आलोक राय, मंगल मंडल, धीरज दास, पिन्टू गांगुली, अमलेन्दु ढाली, लोकन बाछाड़, दीपक राय, वासुदेव राय, मंगल सरदार, परिमल सरकार, रामपद विश्वास, अशोक घोष, सुरेश कुमार, सहदेव मिस्त्री, चित्तरंजन मजुमदार, बाधा चौधरी, बप्पा चौधरी, कांति विश्वास, सुकुमार मिस्त्री, उत्तम बाला, अनिमेष, बाबू मिस्त्री, शिशिर मंडल, रानी बाला, कार्तिक सरकार, डा. परिमल सरकार, विमल सरकार, महिपाल, विप्लव हालदार, ठाकुर कोली मंडल, गोपाल दास, सुखदेव, मोहन कुमार, महेश राय, रोहित कुमार, रजत विश्वास, प्रथ्विराज, प्रणय रायआई चौधरी, बॉबी दास, विक्की सरकार, असीम सरकार, माधव दत्ता, शुभंकर राय, मनोज राय, मोहन कुमार, सुख विश्वास, शिवा ढाली, कार्तिक सरकार, रानी बाला, नमिता राय, अनीता देवी, सुशीला देवी, अंजना, मौती बाला आदि मौजूद थे।

# जरूरतमंदों को व्हील चेयर उपलब्ध करायेगी सोचो डिफरेंट संस्था

गदरपुर (उद संवाददाता)। सोचो डिफरेंट संस्था जरूरत मंद लोगों के लिए निशुल्क व्हील चेयर की सुविधा उपलब्ध करवाएगी। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि जिन्हे डॉक्टर द्वारा कुछ समय के लिए के प्रयोग के लिए बोला हो एवं समाज में ऐसे बहुत से परिवार होंगे जिनके घर पर अब व्हील चेयर, ट्राई साइकिल,बैसाखी,छड़ी आदि सामान अनावश्यक रूप से पड़ा हो तो वह हमारी



संस्था को दे सकते हैं, ताकि वह जरूरत मंद लोगों के काम आ सके। इस कार्य में विशेष रूप से सहयोग मनीष गगनेजा,अमित सुखीजा ने दिया। इस अवसर पर विकास भुसरी ,संदीप चावला, वरिष्ठ समाजसेवी विनोद भुसरी,पंजाबी महासभा के अध्यक्ष कृष्ण लाल सुधा,कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा, विकास भुसरी, संदीप चावला, ऋषि भुसरी, अजय छाबड़ा जी उपस्थित रहे।


रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।


# सुल्तान और दिलबाग से पुलिस ने की कड़ी पूछताछ, रायफल बरामद

नानकमत्ता। बाबा तरसेम सिंह की हत्या के षड्यंत्र में शामिल सुल्तान सिंह और दिलबाग सिंह को दो दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड में ले लिया गया है। दोनों से पूछताछ में पुलिस के हाथ महत्वपूर्ण सुराग लगने की संभावना है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने हत्याकांड में प्रयुक्त रायफल को बरामद कर लिया है। सुल्तान को पुलिस इस हत्याकांड का मुख्य षड्यंत्रकारी और शार्प शूटर अमरजीत सिंह का करीबी मान रही है।28 मार्च 2024 को डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हुई हत्या के मामले में पुलिस अब तक नौ लोगों को षड्यंत्र के आरोप में गिरफ्तार कर चुकी है। इसके अलावा एक शार्प शूटर अमरजीत सिंह का हरिद्वार में एनकाउंटर हो चुका है, लेकिन अभी तक हत्याकांड के मास्टर माइंड तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है।हालांकि पुलिस पकड़े गए बिलासपुर निवासी सुल्तान सिंह को मुख्य षड्यंत्रकारी मान रही है, लेकिन उसने किन प्रभावशाली लोगों की मदद से हत्या की साजिश रची थी, इसका सुराग अभी तक पुलिस को नहीं मिला है। सूत्रों के मुताबिक, सुल्तान ने हत्या की साजिश में मुख्य भूमिका निभाई थी, जिस कारण पूछताछ के लिए पुलिस ने सुल्तान और दूसरे आरोपी दिलबाग की कस्टडी रिमांड के लिए आवेदन किया था। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि मंगलवार को दोनों की दो दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड मिल गई है। बता दें कि पुलिस ने बिलासपुर निवासी सुल्तान सिंह को 12 अप्रैल 2024 को हरियाणा के जींद जिले से गिरफ्तार किया था। जबकि शाहजहांपुर निवासी दिलबाग सिंह को चार अप्रैल 2024 को गिरफ्तार किया गया था। बताया जा रहा है कि सुल्तान ने ही शार्प शूटर अमरजीत को बाबा तरसेम की हत्या के लिए उकसाया था। इसके अलावा सुल्तान ने अमरजीत का अपने घर से पैर का इलाज भी करवाया था।

# मुख्यमंत्री के रोड शो में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिखाए काले झंडे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश उपाध्यक्ष मीमांशा आर्य के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के पाधिकारियों ने गत दिवस यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रोड शो में काले झंडे दिखाकर अंकिता भंडारी को न्याय दो के पोस्टर दिखा कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने कहा भाजपा ने आदर्श आचार सहिता के नियमों की धजिया उड़ा दी है। चुनाव के समय पूरा शहर पोस्टर से भर दिया



है। आचार संहिता का पूर्ण उलंघन कर रही है। सीएम को जनहित में कोई ध्यान नही है। मीमाँशा आर्य ने कहा कि प्रदेश की बेटी को जो न्याय नहीं दिला रहे है। इसका जवाब उन्हे महिलाएं चुनाव में देगी। विरोध प्रदर्शन में दर्जन भर युवा कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद थे। जिनमें में मंजू दानू, आरती पपोला, सुमित कुमार, कमलेश आर्य, संजय जोशी, प्रीति आर्य, नवाज खान, प्रभात पाल, आदि शामिल थे।

# हादसे में चोटिल युवक की मौत

हल्द्वानी। घर से निकला स्कूटी सवार युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। बाद में पिता को बेटे के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिली। पिता अस्पताल पहुंचे तो युवक की मौत हो चुकी थी। युवक के शरीर पर चोट के निशान हैं। पिता ने बेटे की हत्या का शक जताया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मानपुर पश्चिम निवासी सूरज अधिकारी (25) टीपीनगर स्थित एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में ड्राइवर था। वह पिता दलीप, मां निर्मला, पत्नी रेनू, 12 साल की बेटी और छोटे भाई दीपक के साथ रहता था। पिता दलीप ने बताया छोटा बेटा सूरज एसटीएच के बाहर ठेला लगाता है। 14 अप्रैल की सुबह करीब 7:30 बजे सूरज दुकान आया। कुछ देर बाद वह स्कूटी से घर जाने की बात कहकर निकला लेकिन घर नहीं पहुंचा। उधर पिता की ओर से 15 अप्रैल को गुमशुदगी की तहरीर टीपीनगर चौकी को दी गई थी। जब पुलिस को पता चला कि घायल युवक सूरज अधिकारी है तो पिता को जानकारी दी। पिता का कहना है वह अस्पताल पहुंचे तो बेटे की मौत हो चुकी थी। उसके सिर, हाथ और कमर में चोट के निशान थे और सूरज का मोबाइल गायब था। पिता ने चोटों के निशान देखकर हत्या की आशंका जताई है।उधर टीपीनगर चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट ने बताया कि नीलकंठ अस्पताल के पास एक बार है। वहां पर ब्रेकर के कारण युवक की स्कूटी रपट गई थी। हादसे में वह घायल हो गया था। युवक के पास कोई आईडी कार्ड नहीं था। स्कूटी में नंबर नहीं था। उधर डायल 112 ने युवक को सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया। स्कूटी चौकी में खड़ी करा दी। कहा कि युवक आईसीयू में अज्ञात में भर्ती था। इस कारण उसका पता नहीं चल पाया। पुलिस के पास सीसीटीवी फुटेज मौजूद है। दलीप अंतिम संस्कार के लिए बेटे के शव को पैतृक गांव रैगांव चंपावत ले गए हैं।

# प्रेमजाल में फंसाकर छात्रा से दुष्कर्म करने का आरोपी अलाउद्दीन गिरफ्तार

खटीमा। छात्रा को प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी दो बच्चों के पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह महाराष्ट्र भागने की फिराक में था तभी उसे पुलिस ने पुलभट्टा के पास से धर दबोचा।यूपी से सटे एक गांव की छात्रा ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि वह वर्ष 2022 में एक संस्थान में पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान उसे एक व्यक्ति मिला, जिसने अपना अजय बताकर उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके बाद शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।आरोपी ने उस पर जबरन इस्लाम धर्म कबूल करने के लिए दबाव बनाया। इंकार करने धमकी दी कि यदि वह ऐसा नहीं करेगी तो वह उसकी वीडियो वायरल कर देगा। पुलिस के मुताबिक, न्यूरिया नवदिया, पीलीभीत, यूपी निवासी अलाउद्दीन के विरुद्ध पांच दिन पहले धारा 376, 504, 506 एवं एससी-एसटी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। सीओ विमल रावत ने कहा कि आरोपी महाराष्ट्र भागने की फिराक में था। पुलिस ने उसे पुलभट्टा के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# घर के पास खेल रहे तीन नाबालिग दोस्त हुए लापता, गुमशुदगी दर्ज

हल्द्वानी। घर के पास खेल रहे तीन दोस्त लापता हो गए। परिजनों के गुमशुदगी लिखाने के पांच दिन बाद भी तीनों का पता नहीं चला है। उधर परिजनों ने पुलिस पर ढूंढ-खोज नहीं करने का आरोप लगाया है। दीपेश (13) पुत्र सेवक राम, रोहित (12) पुत्र विनय और शेखर (12) पुत्र धर्मेंद्र वार्ड 14 जवाहरनगर बनभूलपुरा के रहने वाले हैं। दिपेश आठवीं और रोहित, शेखर कक्षा सात में पढ़ते हैं और अच्छे दोस्त हैं। रोहित की बुआ ने बताया तीनों रविवार दोपहर मोहल्ले में खेल रहे थे। दोपहर में तीनों अचानक लापता हो गए। देर शाम तक नहीं लौटने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कार्रवाई की बात तो कही। साथ ही यह भी कहा कि दो दिन पुलिस चुनाव ड्यूटी में व्यस्त है। पुलिस की प्राथमिक जांच में तीनों दोस्त एक साथ सीसीटीवी में देखे गए। फुटेज में रोहित के कंधे पर एक बैग टंगा नजर आया। वह घर से तीन सौ रुपये भी ले गया है। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी का कहना है कि तीनों की तलाश की जा रही है। अंतिम बार वह सीसीटीवी में रेलवे स्टेशन रोड पर दिखाई दिए हैं। कहा कि जल्द ही तीनों को बरामद कर लिया जाएगा।

# चारधाम यात्रा के लिए तीन लाख लोगों ने कराया पंजीकरण

देहरादून। प्रदेश में चारधाम यात्रा को लेकर पंजीकरण ने रफ्तार पकड़ ली है। तीसरे ही दिन पंजीकरण का आंकड़ा आठ लाख के करीब पहुंच गया। पिछले 24 घंटे के भीतर करीब तीन लाख श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। पर्यटन विभाग की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, बुधवार को चारधाम यात्रा पंजीकरण का आंकड़ा 7,71,579 पर पहुंच गया। यमुनोत्री के लिए अब तक 1,42,311, गंगोत्री के लिए 1,44,926, केदारनाथ के लिए 2,54,807, बदरीनाथ के लिए 2,19,987 और हेमकुंड साहिब के लिए 9,548 पंजीकरण हुए हैं। बुधवार को चारधाम के लिए 24 घंटे के भीतर 2,89,348 पंजीकरण दर्ज किए गए। वेबसाइट के माध्यम से अब तक छह लाख 820 पंजीकरण, मोबाइल एप के माध्यम से 93,733 और वॉट्सएप के माध्यम से 77,026 पंजीकरण दर्ज किए गए हैं। 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री व यमुनोत्री के कपाट खुलेंगे। इसी दिन केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय होगी, जबकि 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे।

# कैलाश अध्यक्ष, आनंद महामंत्री व सुरेश कोषाध्यक्ष बने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री खाटू श्याम मंदिर, गल्ला मंडी कमेटी के चुनाव मंदिर परिसर में सम्पन्न हुए।जिसमे कैलाश चन्द्र गर्ग अध्यक्ष, आनन्द अग्रवाल महामंत्री तथा सुरेश मित्तल कोषाध्यक्ष चुने गये। चुनाव अधिकारी बलराम अग्रवाल, प्रमोद मित्तल और कैलाश अग्रवाल की देख रेख में चुनाव कराए गए। चुनाव पश्चात अध्यक्ष कैलाश गर्ग ने कहा कि मंदिर खाटू श्याम जो आज इतना भव्य रूप ले चुका है इसको और भव्य और सुन्दर बनाया जायेगा।चुनाव प्रक्रिया में कई ट्रस्टी मौजूद रहे। जिनमें गजानन्द बसल, विष्णु बसल,



बी एल पटवारी, बजरंग बाल गर्ग, सतीश जैन, वेद प्रकाश गर्ग, अर्जुन गुप्ता, शिव कुमार बसल, राजेश बसल, बलविंदर सिंह विर्क, राजेश धीक, संदीप राव, मोहन लाल अग्रवाल, नरेंद्र बसल, राजेश श्यामपुरीया, श्याम सुन्दर जैन, श्याम गर्ग, प्रदीप अग्रवाल, विजय अग्रवाल, राजेंद्र तुलसियान, सुशील तुलसियान आदि थे।

# दुष्कर्म के प्रयास में पांच साल की कैद

नैनीताल जिला एवं सत्र न्यायाधीश और विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट सुबीर कुमार की न्यायालय ने दुष्कर्म की कोशिश के आरोपी धारी निवासी युवक को पांच वर्ष के कारावास व 11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार शर्मा की ओर से अभियोजन तथ्यों को साबित करने के लिए न्यायालय में दस गवाहों को पेश किया गया। इसमें पीड़िता की दोस्त, दोस्त के परिजन और अन्य गवाहों के पक्षद्रोही होने के बावजूद कोर्ट ने पीड़िता के बयान और सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों के आधार पर दोषी को सजा सुनाई।अभियोजन पक्ष के मुताबिक 24 जून 2020 को पीड़िता बोर्ड की परीक्षा देकर विद्यालय से पांच किलोमीटर दूर अपने घर की ओर दोस्त के साथ पैदल लौट रही थी। इसी दौरान आरोपी सुरेंद्र बिष्ट निवासी धारी जिला नैनीताल ने दोनों पीड़िताओं को रास्ते में रोका और छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता के परिजनों को देख लेने की धमकी दी और भाग गया। पीड़िताओं के परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 354, 504 समेत एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। जिला न्यायालय में हुई सुनवाई के बाद जिला जज ने पीड़िता की लज्जा भंग करने के उद्देश्य से आपराधिक बल का प्रयोग करने के आरोप में दोषी सुरेंद्र को पांच वर्ष के कठोर कारावास एवं दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड जमा न करने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। न्यायाधीश ने इस धनराशि में से सात हजार रुपये पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति अदा करने को कहा। इसके अलावा धारा 504 में एक माह का कठोर कारावास एवं एक हजार अर्थदंड की सजा सुनाई। इसे अदा न करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास होगा।

# देवभूमि का विकास मोदी की गारंटी: धामी

## चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री धामी ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में किया जोरदार रोड शो

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बुधवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा नैनीताल ख्र उधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र में अपनी पूरी ताकत झोक दी। कार्यकर्ताओ ने जगह जगह रैली और नुक्कड़ सभा के माध्यम से जनसम्पर्क किया। हल्द्वानी में स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा प्रत्यासी अजय भट्ट के समर्थन में रोड शो किया। पशु चिकत्सालय के पास से रोड शो प्रारम्भ हुआ और कालाढूंगी रोड से होता हुआ नैनीताल रोड पहुंचा और तिकोनिया में समापन हुआ। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भारी जनसेलाब चप्पा ख्रचप्पा भाजपा के नारों के साथ आगे बड़ा और पूरा माहौल भाजपामय हों उठा। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोगों का अभिवादन करते हुये कहाँ कि पुरे प्रदेश में भाजपा कि लहर चल रहीं है और आम जनता प्रधानमंत्री मोदी कि विकास कि गारंटी के साथ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आगामी 19 अप्रैल को हमने मतदान करना है। उन्होंने कहा विकसित उत्तराखंड और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने हेतु 400 पार के नारे को सिद्ध करना है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने विकास के कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। मोदी जी के नेतृत्व में आधुनिक भारत के साथ घोषणा पत्र में हर क्षेत्र के उदय की बात कही गई है। घोषणा पत्र में विकसित भारत का संकल्प लिया गया है। राज्य सरकार ने भी राज्य के हित में कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। जो की गारंटी को पूरा करते हुए समान नागरिक संहिता विधेयक पारित कर दिया। भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र में पूरे देश के अंदर यूसीसी की जरूरत बताई है। यूसीसी को लागू करने की बात सरकार में हर दिन घोटाले और घपले सामने आते थे। देश में सभी बड़े घोटालो के पीछे कांग्रेस का हाथ है। आज मोदी जी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार किया जा रहा है। यही कारण है कि





आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री, देश के 140 करोड़ नागरिकों को अपना परिवार मानकर अंत्योदय के लक्ष्य को लेकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। 10 सालों में हर पल हर क्षण देशवासियों को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा जारी उत्तराखंड को बेहतर और श्रेष्ट राज्य बनाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने कहा 2022 विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने समान नागरिक संहिता का संकल्प रखा था। जनता के आशीर्वाद से हमें सरकार में आने का अवसर मिला हमने मोदी जी कही है। उत्तराखंड के अंदर से निकली समान नागरिक संहिता की गंगा देश के कोने कोने में पहुंचेगी। उन्होंने कहा नकल विरोधी कानून को भी संकल्प पत्र में स्थान दिया गया है। जिसे हम राज्य में पहले ही लागू कर चुके हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस कांग्रेस और देश के अन्य भ्रष्टाचारी दलों ने मिलकर गठबंधन कर लिया है। जनता का भरोसा खोने के बाद विपक्ष ईवीएम को दोष देता है, तो कभी लोकतंत्र को खतरे में बताते हैं। कांग्रेस ये कभी नहीं बताएगी कि हजारों सिखों का कत्लेआम करने वाले लोकतंत्र को झूठी बात करते हैं। इन्हीं लोगों ने सत्ता हथियाने के लिए देश में इमरजेंसी लगाकर लोकतंत्र का गला घोटने का काम किया था। उन्होंने कहा कांग्रेस के काले कारनामों की लिस्ट बहुत लंबी है आज देश में जितनी भी समस्याएं हैं उनके पीछे कांग्रेस है। आज मोदी के नेतृत्व में हर एक समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट ने अपने पक्ष में वोट कि अपील की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, विधायक बंशीधर भगत, राम सिंह केडा, सरिता आर्य, मोहन बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, निवर्त्तमान मेयर डॉ जोगेंद्र रौतेला, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, नवीन भट्ट, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अलका जीना, मण्डल अध्यक्ष किशोर जोशी, प्रताप रेकवाल, मुकेश बोरा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष राशि जैन, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कार्तिक हरबोला, विनीत अग्रवाल, प्रकाश हरबोला, प्रतिभा जोशी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# रामनवमी पर सीएम धामी ने कैंची धाम में की पूजा

भीमताल (उद संवाददाता)। । राम नवमी के अवसर पर बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। सीएम ने बीस मिनट तक कैंची धाम में बाबा का ध्यान लगाया। उन्होंने कहा कि बाबा हमेशा से हमें शक्ति और आशीर्वाद देते आ रहे हैं। सीएम बुधवार की दोपहर 1:30 बजे कैंची धाम पहुंचे। ग्राम प्रधान पंकज निगल्टिया ने बताया कि सीएम ने बाबा नीब करौरी महाराज की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान विधायक सरिता आर्या, महिला भाजपा प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा, प्रकाश आर्य, शिवांशु जोशी, जुगल मठपाल आदि शामिल रहे। कैंची धाम पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकार वार्ता में कहा





कि 500 साल बाद भगवान रामलाल अपने महल और घर पर विराजे हैं। सीएम ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा की लहर है। उन्होंने कहा कि लोगों ने नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री मनाने का मन बना लिया है। देश और प्रदेश में कांग्रेस कहीं है ही नहीं। सीएम ने कहा कि कोश्याकुटोली तहसील का नाम श्रीकैंची धाम तहसील करने की घोषणा का काम जल्द होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को सैनिक स्कूल घोड़ाखाल पहुंचे। सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन वीएस डंगवाल ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सीएम ने विद्यार्थियों से मुलाकात करते हुए कहा कि सरकार शिक्षण संस्थानों को मजबूत बनाने का काम कर रही है। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों के साथ इंटरेक्टिव सत्र में भाग लिया।

# कल बंद रहेंगे सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा निर्वाचन के मतदान दिवस 19 अप्रैल को सभी सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थान, उद्योग व कारखाने बंद रहेंगे। साथ ही बैंक व कोषागार भी बंद रखे जाएंगे। सचिवालय प्रशासन ने इस संबंध में आदेश जारी किया हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि प्रदेश में शुक्रवार 19 अप्रैल को मतदान होना है। प्रदेश के सभी मतदाता मतदान में शामिल हों, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी सरकारी कार्यालयों, शिक्षण



संस्थानों, उद्योग व कारखानों में कार्यरत मजदूरों के लिए अवकाश घोषित किया है। आदेश में कहा कि प्रदेश में मतदान के दिन, शासकीय व अशासकीय कार्यालय, कारखाना अधिनियम के तहत कार्यरत कारीगर, मजबूर व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों एवं दुकानों में कार्यरत मजदूरों के लिए अवकाश रहेगा किन्तु अविरल प्रक्रिया वाले कारखाना प्रबन्धक अपने समस्त कर्मचारियों/कर्मकारों को मतदान का समुचित एवं पर्याप्त अवसर परदान करनेगें तथा उन्हे मताधिकारि से वंचित नही करेगें।

# रोजगार और महंगाई की बात करने से क्यों डर रही है भाजपा सरकार : पायलट

## हल्द्वानी पहुंचने पर सचिन पायलट का प्रकाश जोशी सहित कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने किया जारदार स्वागत

हल्द्वानी । चुनाव प्रचार के लिए अंतिम दिन कांग्रेस नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने हल्द्वानी के रामलीला ग्राउंड में चुनावी जनसभा कर पार्टी प्रत्याशी प्रकाश जोशी के लिए वोट मांगें है। हल्द्वानी में प्रकाश जोशी के समर्थन में बोलते हुए सचिन पायलट भाजपा बहका रही है। पायलट ने कहा भाजपा सरकार रोजगार और महंगाई की बात करने से क्यों डर रही है। सचिन पायलट ने कहा प्रकाश जोशी को जिताकर सदन में भेजें, उन्होंने कहा स्थानीय निवर्तमान सांसद जितना काम वह कर रहे हैं उससे कई ज्यादा प्रकाश जोशी दिल्ली की सदन में पहुंचकर आपके लिए करेंगे, इस बात भागीदारी करनी है। उन्होंने कहाँ कि ये चुनाव सिर्फ भाजपा या कांग्रेस दो उम्मीदवारों कि लड़ाई नहीं है बल्कि यह देश कि तकदीर तय करने का चुनाव है। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने सारथी बनने के लिए सचिन पायलट का आभार व्यक्त करते हुवे अवगत कराया कि उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन के दौरान बनाया गया है उससे निजात पाने के लिए सबको अपना सहयोग देना होगा, 19 अप्रैल को कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में वोट करना होगा। वरिष्ठ विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि देश में पिछले 10 सालों से देश में तानाशाही सरकार चल रही है। महंगाई चरम पर है। कही कोई सुनवायी नहीं है, इसलिए सांसद के रूप में प्रकाश बाबा हैड़ाखान के परम अनुयायी है। रामनवमीं की सभी को बधाई देते हुवे सुमित हृदयेश ने कहा कि हम सभी को संकल्प लेना होगा कि देश की एकता और अखंडता को बचाने के लिए हमें भाजपा रूपी रावण राज के अंत हेतु कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी का साथ देकर कांग्रेस को मजबूती देनी है। जनसभा अध्यक्ष भीमताल दीपू चनोतिया, नगरपालिका अध्यक्ष नैनीताल सचिन नेगी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हलद्वानी हेमन्त बगड़वाल, दीप सती, भोला भट्ट, योगेश जोशी, संजय किरौला, किरन माहरा, महेश कांडपाल, प्रयाग दत्त भट्ट, ललित जोशी, गोविंद बगड़वाल, मलय बिष्ट, डॉ मयंक भट्ट, सुहैल सिद्दीकी,







सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी, काला धन और भ्रष्टाचार पर सरकार को घेरा, पायलट किसानों का काला कानून, नोटबंदी, जीएसटी पर भी बोले, पायलट ने कहा पूरे देश में इस समय बदलाव का माहौल है और यह चुनाव देश की तकदीर तय करने का चुनाव है। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी मजबूती से इस चुनाव को लड़ रही है, पायलट ने कहा विकास के बजाय इस चुनाव में भाजपा धर्म और जाति की बात कर लोगों को की गारंटी देने वह हल्द्वानी आये हैं, पायलट ने कहा केंद सरकार पिछले 10 सालों का हिसाब तो नहीं दे पा रही है और सपने 2047 के विकसित भारत के दिखाए जा रहे हैं। कांग्रेस स्टार प्रचारक सचिन पायलट के हल्द्वानी पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने उनका रामलीला मैदान में भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सचिन पायलट ने कहा कि 19 अप्रैल को उत्तराखंड कि जनता को सांसद चुनना है और नयी सरकार के लिए अपनी राज्य आंदोलनकारियों को हमेशा स्व. राजेश पायलट जी का सही मार्गदर्शन और अपार सहयोग मिला। हम सब उनके आभारी है। प्रकाश जोशी ने कहा कि बहन अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने और संगठित भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिये आपको 19 अप्रैल को वोट करने जाना है और सही आकलन के साथ सक्षम का चुनाव करना है। नेताप्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि पूरे देश में डर और नफरत का जो माहौल भाजपा द्वारा जोशी को जीताना है। उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि 2 करोड़ रोजगार की बात करते करते करोड़ो बेरोजगार खड़े कर दिये भाजपा सरकार ने। बेरोजगार युवा वोट से अपना बदला लेगा। सरकारी नौकरियां को बेचने का कार्य करने वालो को जनता माफ नही करेगी। जनसभा के संयोजक हलद्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने बताया कि सचिन पायलट जी का देवभूमि उत्तराखंड से व्यक्तिगत लगाव है। उनका परिवार के उपरांत कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कार्यकर्ताओ संग गोलगप्पों का आनंद लिया और चुनावी रणनीति पर गहन चर्चा की। जनसभा में पूर्व सांसद डॉ महेंद्र पाल, पूर्व काबीना मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, विधायक रवि बहादुर, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद बिष्ट, महिला जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट, महिला महानगर अध्यक्ष मधु सांगूड़ी, हरीश मेहता, लालकुंआ शहर अध्यक्ष भुवन पांडे, नगरपालिका पार्षद राधा आर्य, पार्षद गुफरान, पार्षद जाकिर हुसैन, राजेन्द्र बिष्ट रज्जी, डॉ केदार पलड़िया, ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे, मीडिया प्रभारी नीरज तिवारी, शोभा बिष्ट, जया कर्नाटक, हरेंद्र बोरा, संदीप भैसोड़ा, नेत्र बल्लभ जोशी, पार्षद लच्छू, मन्नू गोस्वामी, कमल जोशी, नवीन रमोला, नवनीत सती, गिरीश पपनै आदि सैकड़ो लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी जिताने हेतु संसदीय क्षेत्र के लाखो मतदाताओं से अपील की।

# भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने निकाला जोरदार रोड शो

रूद्रपुर। चुनाव प्रचार थमने से पूर्व भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने बुधवार को मुख्य बाजार में जोरदार रोड शो निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। उन्होंने व्यापारियों से हाथ जोड़कर वोट की अपील की। गल्ला मण्डी स्थित पंचमुखी







हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के साथ अजय भट्ट ने रोड शो की शुरूआत की। इस दौरान उनके साथ कार्यकर्ताओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मुख्य बाजार के व्यापारियों ने जगह जगह उत्साह के साथ अजय भट्ट का स्वागत किया। व्यापारियों ने कई जगह अजय भट्ट पर पुष्प वर्षा भी की। अजय भट्ट ने कार्यकर्ताओं के साथ पैदल लोगों से वोट की अपील की। वे हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन करते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि कमल के फूल पर आपका वोट सीधे नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करेगा। हम इस वोट के कर्ज को विकास के रूप में लौटाएंगे। आपका एक एक वोट समृद्ध भारत बनाने के काम आएगा। इसलिए मतदान जरूर करना है। अजय भट्ट ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र काफी बड़ा है। हमने स्वयं अथवा पार्टी कार्यकर्ताओं के माध्यम से सभी तक पहुंचने की कोशिश की, फिर भी कुछ लोगों तक यदि हम या हमारी टीम नहीं पहुंच पाई हो, मन में कोई गिला मत रखना। उसके लिए हम क्षमा प्रार्थी है। कहा कि कई अलग-अलग विचार धारा के दलों ने इंडिया गठबंधन बनाया है, जिनका उद्देश्य मतदाताओं को गुमराह करना है। संविधान बदलने का दुष्प्रचार करके देश को गुमराह किया जा रहा है।भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प लिया है कि गरीबों को अगले पांच साल तक मुफ्त राशन मिलेगा। हर घर तक पीने का साफ पानी पहुंचेगा और पीएम सूर्य योजना के तहत बिजली का बिल जीरो होगा। मध्यम वर्ग के परिवारों का अपने घर का सपना पूरा होगा। सभी को सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएंगे। ट्रक चालकों के लिए नई योजना शुरू की जाएगी। हाइवे पर उनके लिए आधुनिक सुविधाए विकसित की जाएंगी। श्री भट्ट ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि और फसल बीमा योजना जारी रहेगी। एमएसपी में समयबद्ध वृद्धि करना सरकार की प्रतिबद्धता है। बीज से बाजार तक किसानों की आय बढ़ाएंगे। निवेश से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे। कहा बुजुर्गों के आयुष्मान भारत के तहत शामिल कर उन्हें निशुल्क स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराएंगे और बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू करेंगे। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से अर्थ व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ ही सुशासन से समृद्ध भारत का निर्माण किया जाएगा।विधायक शिव अरोरा ने कहा कि पूरे प्रदेश भाजपा मय हो गया है। प्रदेश की पांचों सीटों पर भाजपा प्रत्याशी प्रचण्ड मतों से जीत हासिल करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर से भाजपा प्रत्याशी की जीत का इतिहास बनाने जा रहा है। यहां पर कांग्रेस का पूरी तरह सफाया होने जा रहा है। विधायक ने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस को उसकी करनी का फल मिलने जा रहा है। तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली कांग्रेस को जनता माफ नहीं करेगी। रोड शो के दौरान विधायक शिव अरोरा,निवर्तमान मेयर रामपाल, विधानसभा प्रभारी प्रकाश हरबोला, भाजपा नेता वेद ठुकराल, राम प्रकाश गुप्ता, जसविंदर सिंह खरबंदा, भारत भूषण चुघ, ललित मिगलानी, गुरमीत सिंह, राजकुमार खनिजों, धीरेंद्र मिश्रा, धीरेश गुप्ता, हरीश भट्ट, अमित नारंग, अनिल चौहान राकेश सिंह पंकज बांगा,रोनिक नारंग,सोनू अनेजा, सुनील ठुकराल, रश्मि रस्तोगी, माही सकलानी, श्वेता मिश्रा, फरजाना बेगम, नेत्रपाल मौर्य, उपेंद्र चौधरी, सुरेश कोली, जगदीश तनेजा, रमेश कालरा, सुरेश गौरी, प्रीत ग्रोवर, सचिन मुंजाल, शैलेंद्र रावत ,प्रमोद शर्मा, प्रमोद मित्तल ,अशोक छाबड़ा, अनमोल विर्क, किरन विर्क, शाह खान, राजेश गर्ग, राधेश शर्मा, मोहन तिवारी, विनय बत्रा, मयंक कक्कड़, शालिनी बोरा, राकेश सिंह, हिमांशु शुक्ला, कुंदन राठौर, कुलदीप चंद, सुनील बाल्मीकि, सुनील यादव, सुशील यादव, बिट्टू शर्मा, बिट्टू चौहान, गुरदीप गाबा, हरीश जल्होत्रा, राजेश जग्गा, सुशील गाबा, मानस जयसवाल, मनोज मदान, राजन राठौर, घनश्याम श्याम पुरिया, नरेश उप्रेती, पवन अग्रवाल,नितेश गुप्ता, नत्थूलाल गुप्ता, सुरेश शर्मा, नमन चावला, विक्की वाल्मीकि, मंदीप वर्मा अनिल चौहान ,हरजीत सिंह, हरजीत राठी, रजनीश ग्रोवर, राजीवकामरा, राजेश कामरा, नीरज यादव, रामलाल, रोबिन विश्वास, आदेश भरद्वाज, विजय डे, दिलीप अधिकारी, तरुण दत्ता, आयुष चिलाना, अमन पाल, आदि सहित अनेकों लोग शामिल हुए।

## भट्ट के रोड शो में पूर्व पार्षद गौरी ने जुटाई सैकड़ों लोगों की भीड़

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बुधवार को भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के रोड शो में निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी ने सैकड़ों







लोगों के साथ भागीदारी की। ग्राम शिमला बहादुर स्थित अपने कार्यालय से श्री गौरी भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट, भाजपा व विधायक शिव अरोरा के जयघोष करते हुए जुलूस की शक्ल में रवाना हुए और श्री भट्ट के रोड शो में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देशवासी नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भी प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। जिसके लिए इस लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भट्ट को ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाकर संसद भवन भेजना है। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य श्री मोदी के हाथों में ही सुरक्षित रह सकता है। श्री गौरी ने कहा कि आज विश्व में मोदी की नीतियों की सराहना की जा रही है। उनकी विकासपरक सोच व विश्व की घटनाओं पर अपनाई जा रही रणनीति से सभी प्रभावित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। कई विकास योजनाएं अंतिम दौर में है जिन पर शीघ्र कार्य शुरू ही जायेगा। श्री गौरी ने आज भी कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं से जनसंपर्क कर उनसे भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया।इस दौरान उनके साथ जगदीश तनेजा, रमेश कालड़ा, संजय सिंह, नन्हे प्रसाद,हरीश जोशी, अशोक कुमार, रामपाल, संतोष यादव, सुरेंद्र यादव, शुभम ठाकुर,पियूष कुमार,पवन पाल, सोमपाल, विजय पाल,रूपा वर्मा,पूजा,नीलम, सरिता, सरोज, हर्षिता, अनीता, विमला जोशी व दीपा देवी आदि लोग मौजूद रहे।

## दिनेशपुर बालाजी मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर द्वारा इस बार भी हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी। इसके लिए श्री बालाजी मंदिर



दिनेशपुर में जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं। बाबा भक्त शिव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बालाजी मंदिर दिनेशपुर में हर वर्ष हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार भी श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर के मंहत श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी के सानिध्य में हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रात: श्री बालाजी महाराज का भव्य स्वर्ण चोला श्रृंगार होगा। तत्पश्चात प्रात: 10 बजे से बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजेगा। जिसमें आस पास एवं दूर दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। दरबार में बालाजी महाराज को छप्पन भोग लगाया जायेगा। दरबार में भजनों का सिलसिला दिनभर चलेगा। दोपहर को विशाल भंडारा होगा। बाबा भक्त शिव कुमार ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव मनाने के लिए जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आहवान किया है।

## शिव गौरी विहार मंदिर में सामूहिक यज्ञ संपन्न

काशीपुर(उधम सिंह नगर)। भारतवर्ष के प्रत्येक राज्य में अलग-अलग विधि विधान के साथ चौत्र नवरात्रि के 9 दिन भगवती जगदंबा की उपासना आराधना की जाती है। विशेष रूप से दैहिक दैविक और भौतिक समस्याओं को दूर करने के लिए और भगवती दुर्गा की कृपा प्राप्ति के लिए अष्टमी वा नवमी पर यज्ञ किए जाते हैं। इसी क्रम में शिव गौरी विहार मंदिर पर भी सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। इस यज्ञ को शास्त्रोक्त विधि विधान से पंडित विशाल शर्मा शास्त्री जी ने संपन्न कराया। चौत्र नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी पर सभी क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और



कल्याण हेतु सामूहिक हवन किया गया। इस शुभ अवसर पर शिवगौरी मंदिर के अध्यक्ष मनोज कुमार गोला, उपाध्यक्ष सुदेश चंदेल, कोषाध्यक्ष विपिन चौहान तथा अन्य पदाधिकारी वीर सिंह चौहान,निरमेन्दर सिंह चौहान, भूप्रकाश सिंह चौहान,सरोजिनी गुप्ता, बीना चौहान, मिथलेश यादव, आशीष यादव आदि उपस्थित रहे। आज के यजमान श्रीमान भूप्रकाश सिंह चौहान सपत्नीक रहे।

## चोरी के शक में दो महिलाएं पुलिस को सौंपी

बाजपुर। सर्राफ की दुकान से आभूषण चोरी के शक में लोगों ने दो महिलाओं को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। बुधवार को नगर स्थित एक सर्राफ की दुकान पर दो महिलाएं पहुंचीं। उन्होंने आभूषण खरीदने की बात कही। इससे पहले भी दोनों महिलाएं एक ज्वैलर्स के पास गई थीं। संदेह होने पर उक्त ज्वैलर्स ने अपने अन्य सहयोगियों को सचेत कर दिया। साथ ही पुरानी वीडियो देखकर अपने ग्रुप में डाल दी जिस पर महिलाओं की पहचान हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और लोगों ने महिलाओं को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मामले को लेकर सर्राफा एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल कोतवाली में एसएसआई विनोद फर्त्याल से मिला।सर्राफ विकास गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2022 और 2023 में शहर के कई ज्वैलर्स शॉप से आभूषण चोरी हुए थे। सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई तस्वीरों से आरोपी महिलाओं को पहचान कर पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

## पड़ोसी किरायेदार ने चुराई हजारों की नगदी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैंप में पड़ोसी किरायेदार साथ के घर में महिला किरायेदार के कमरे हजारों की नगदी चोरी कर भाग गया।हालांकि इस दौरान उसे पकड़ने की कोशिश भी की गई परंतु वह महिला को धक्का देकर भागने में कामयाब हो गया। कृष्णा कालोनी निवासी फूलवती पत्नी स्व. नन्दराम ने बताया कि कल रात्रि उसके मकान की छत के रास्ते से पड़ोस का रहने वाला किरायेदार उसके मकान में मौजूद किरायेदार नन्ही के कमरे में घुसा और कमरे में रखे पांच हजार रूपए चोरी करके भागने लगा। जिसको पकड़ने का प्रयास परन्तु वह उसे धक्का देकर छत के रास्ते ही भाग गया। उसका कहना है कि पूर्व में भी उसके मकान में दो बार मोबाइल व पैसों की चोरी हो चुकी है।

## 73 लीटर कच्ची शराब के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों से महिला समेत दो को गिरफ्तार कर लगभग 73 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। कार्यवाही के दौरान एक अन्य कारोबारी महिला कानून की आंख में धूल झोंक कर फरार होने में कामयाब रही। जानकारी के मुताबिक टांडा उज्जैन चौकी इंचार्ज मनोज जोशी हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान पुलिस ने टांडा उज्जैन रेलवे क्रॉसिंग के पास दुकान के पीछे से मोहल्ला टांडा उज्जैन निवासी शांति पत्नी लाल सिंह को 75 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी तरह गुलजारपुर गन्ना सेंटर के पास संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए सेमलपुरी निवासी तारा सिंह उर्फ सोनू पुत्र गुरमुख सिंह को पुलिस ने 20 लीटर जहरीली कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। ऐसे ही ग्राम गोपीपुरा निवासी गुरबचन कौर उर्फ बचनी पत्नी बसंत उर्फ बचन सिंह के अड्डे से पुलिस ने 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। कार्यवाही के दौरान पुलिस को चकमा देकर कारोबारी महिला मौके से फरार हो गई। पुलिस ने उपरोक्त तीनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है।

## ट्रेन के कोच में मिली मासूम सीडब्ल्यूसी सदस्या के हवाले

काशीपुर(उद संवाददाता)। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर खड़ी एक ट्रेन के कोच में चेकिंग के दौरान रेलवे सुरक्षा बल के बीट स्टाफ को एक वर्षीय बच्ची लावारिस हालत में मिली। आरपीएफ के पोस्ट कमांडेंट रणदीप कुमार को जैसे ही इसका पता चला उन्होंने तत्काल प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए इसकी जानकारी सीडब्ल्यूसी की सदस्या



हरनीत कौर को देते हुए मासूम को उनके सुपुर्द कर दिया। रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा किए गए इस कार्य की एक बार फिर से प्रशंसा हो रही है। जानकारी के मुताबिक गत बुधवार की शाम लगभग 1835 बजे आरपीएफ के बीट स्टाफ विनोद कुमार को प्लेटफार्म नंबर तीन पर खड़ी ट्रेन में चेकिंग के दौरान कोच संख्या 093559 एन ई में एक वर्षीय खूबसूरत सी मासूम बच्ची लावारिस हालत में मिली। बीट स्टाफ ने तत्काल इसकी जानकारी पोस्ट कमांडेंट को दी। पोस्ट कमांडेंट ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सीडब्ल्यूसी की सदस्या को मामले से अवगत कराया। थोड़ी ही देर में सीडब्ल्यूसी की सदस्या रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक स्थित आरपीएफ की पोस्ट पर पहुंच गई जहां सुरक्षा बलों की मौजूदगी में पोस्ट कमांडेंट रणदीप सिंह ने मासूम बच्ची को श्रीमती कौर के हवाले कर दिया। रेलवे सुरक्षा बल के इस कार्य की एक बार फिर से मुक्त कंठ से प्रशंसा हो रही है।

### दायित्वों का हो रहा बखूबी निर्वहन

काशीपुर। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान यहां दायित्वों का बाखूबी निर्वहन करते हुए जनहित एवं समाज सेवा के कार्यों से भी पीछे नहीं है। पूर्व में कई बार ऐसा हुआ जब दूरदराज की यात्रा करने वाले यात्रियों का समान ट्रेन में छूट गया अथवा कोई यात्री अपने स्वजनों से बिछड़ गया। ऐसे में रेलवे सुरक्षा बल का किरदार यहां आम लोगों के लिए नजीर बन चुका है। सेवा सुरक्षा की भावना से आरपीएफ ने कार्य करते हुए लोगों के दिलों में अपनी अलग जगह बनाई।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# नक्सलवाद पर अंकुश

छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में उनतीस नक्सलियों को मार गिराया। निस्संदेह यह बड़ी कामयाबी है। इस वर्ष इस घटना सहित अब तक करीब अस्सी नक्सली मारे जा चुके हैं। सरकार का कहना है कि छत्तीसगढ़ में नक्सली कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं। जल्दी ही उन पर पूरी तरह नकेल कसी जा सकेगी। केंद्र और राज्य सरकारें ऐसे दावे बहुत समय से करती आ रही हैं, मगर हकीकत यह है कि अनेक उपायों, रणनीतियों और प्रयासों के बावजूद वहां माओवादी हिंसा पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर नक्सली सक्रिय हो उठते और घात लगा कर सुरक्षाबलों पर हमला कर देते हैं।अगर सचमुच नक्सलियों को कुछ इलाकों तक समेट दिया गया होता और उनके संगठन कमजोर हो गए होते, तो उनके पास अत्याधुनिक हथियारों की पहुंच संभव न होती, सुरक्षाबलों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उनके पास कारगर संचार प्रणाली न होती। छत्तीसगढ़ में करीब चालीस वर्ष से माओवादी हिंसा का दौर चल रहा है। इस बीच अनेक रणनीतियां अपनाई गईं, मगर वे कारगर नहीं हो पाई हैं। चुनाव के माहौल में सुरक्षाबलों की ताजा कामयाबी से नक्सली उपद्रवियों का मनोबल जरूर कमजोर होगा, पर इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए व्यावहारिक कदम की अपेक्षा अब भी बनी हुई है। दरअसल, आदिवासी इलाकों में माओवादी हिंसा की कई परतें हैं। आदिवासियों को लगता है कि सरकार उनके जंगल और जमीन छीन कर उद्योगपतियों को सौंप देना चाहती है। वे इसका विरोध करते रहे हैं। शुरू में इस मसले को बातचीत के जरिए सुलझाने की कोशिश की गई, मगर वह किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। फिर बंदूक के जरिए उन पर काबू पाने का प्रयास किया जाने लगा। फिर आदिवासियों और समर्पण करने वाले नक्सलियों को ही बंदूक देकर नक्सली संगठनों के खिलाफ खड़ा करने की रणनीति अपनाई गई। उसमें काफी खून-खराबा हुआ, मगर नक्सली समस्या को समाप्त कर पाना संभव न हो सका। हेलीकाप्टर, ड्रोन और अत्याधुनिक संचार तकनीकी के जरिए उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाने लगी, पर उसमें भी बहुत कामयाबी नहीं मिल सकी। नक्सली कई मौकों पर सुरक्षाबलों को अपने जाल में फंसा कर हमला करते भी देखे जा चुके हैं। दो साल पहले इसी तरह उन्होंने बीजापुर में बाईस सुरक्षाबलों को मार गिराया था। नक्सली समस्या से पार पाने के लिए दो तरह के विचार काम करते रहे हैं, जिसमें आदिवासियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनके इलाकों में विकास कार्यक्रमों पर बल देने की सिफारिश की जाती रही है। इसके तहत पिछली सरकार ने कई योजनाएं भी चलाई थी, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। दूसरा विचार बंदूक के बल पर नक्सलियों के सफाए का रहा है। मगर हकीकत यह है कि उनसे निपटने के लिए कोई व्यावहारिक नीति आज तक नहीं बन सकी है। हजारों निरपराध आदिवासी जेलों में बंद हैं, उनकी रिहाई के बारे में कोई कदम नहीं उठाया जा सका है। पांच-छह साल पहले एक नीति बनाने पर जरूर जोर दिया गया था, जिसमें उनसे बातचीत का प्रस्ताव भी था, मगर वह नीति बन नहीं सकी। सबसे जरूरी है, स्थानीय आदिवासियों में यह भरोसा पैदा करना कि सरकार उनके जीवन में बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है। उनके जल, जंगल, जमीन के मसले पर संजीदगी से बात हो, तो शायद वे हिंसा का रास्ता छोड़ने को तैयार हो जाएं।

# उत्तराखंड में परिवर्तन की लहर : हरीश रावत

## कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह रावत ने पिता हरदा के साथ लिया मां गंगा का आशीर्वाद






हरिद्वार(उद संवाददाता) । पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड में परिवर्तन की लहर है। प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। दस साल के लंबे अंतराल के बाद कांग्रेस हरिद्वार सहित प्रदेश की पांचों सीटें जीत रही है। पूर्व सीएम ने आज चुनाव प्रचार के अतिम दिन कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह रावत के समर्थन में रोड शो किया। वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत ने रामनवमी के शुभ अवसर पर हर की पैड़ी हरिद्वार में हरिद्वार लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह रावत के साथ गंगा पूजा कर मां गंगा का आशीर्वाद लिया, मां सबका कल्याण करें। हरीश रावत ने कहा, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, वीरेंद्र रावत अगर मुझसे इक्कीस नहीं होंगे, वो मुझसे उन्नीस भी नहीं होंगे। आप उनको एक बार अवसर दीजिए। सेवा, समर्पण, विकास में वो आपके बीच में रहेंगे, आपके बीच में काम करेंगे। आपके बीच में, सेवा, भक्ति और विकास की भावना के साथ हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मीडिया से बातचीत में कहा कांग्रेस 2009 दोहराएगी और उत्तराखंड में भी पांचो सीटें जीतेगी। जनता बदलाव चाहती है। हमारे उम्मीदवारों में लोगों को उमीद दिख रही है। प्रदेश की जनता आगामी 19 अप्रैल को अपना मतदान अवश्य करें और कांग्रेस को सेवा का अवसर देते हुए पांचों लोकसभाओं में भारी बहुमत के साथ कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाएं। सभी कांग्रेस प्रत्याशी पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ प्रदेश हित और जन सेवा के लिए संकल्पित हैं, अब भ्रष्टाचारी सरकार को प्रदेश से हटाकर जनता की आवाज, कांग्रेस की सरकार को मजबूती से प्रदेश में लाना है। उन्हें जनता पर पूरा भरोसा है। जनता से मिल रहे समर्थन और आशीर्वाद से हरिद्वार सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत भारी बहुमत से चुनाव जीतेंगे। उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत पहली बार हरिद्वार लोकसभा सीट से पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक की जगह चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस से पूर्व सीएम हरीश रावत के बेटे वीरेंद्र सिंह रावत से है।अपने तीन दशक पुराने राजनीतिक करियर में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत भाजपाई के उम्मीदवार हैं। पार्टी ने उन्हें पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक की जगह मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने पहाड़ी राज्य में राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस निर्वाचन क्षेत्र के लिए पूर्व सीएम हरीश रावत के बेटे वीरेंद्र सिंह रावत को अपना उम्मीदवार चुना है। उनकी बेटी अनुपमा रावत राज्य विधानसभा में हरिद्वार ग्रामीण का प्रतिनिधित्व करती हैं।

# बाघ ने खेत में चौकीदारी कर रहे किसान को बनाया निवाला

रामनगर। रामनगर के बांसीटीला गांव में बुधवार देरशाम अपने मकान के पास गेहूं के खेत में चौकीदारी कर रहे किसान पर बाघ ने हमला कर मार डाला। ग्रामीणों ने छानबीन की तो शव खेत से 500 मीटर की दूरी पर मिला। क्षेत्र में बाघ के आतंक से ग्रामीणों में आक्रोश है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) के ढेला रेंज के ईडीसी गांव लालूपुर बांसीटीला के रहने वाले 42 वर्षीय पप्पू तिवारी पुत्र हरीश तिवारी मकान के बाहर गेहूं के खेत में बुधवार देरशाम करीब सवा सात बजे चौकीदारी कर रहा था। बताया जा रहा है कि इस दौरान घात लगाए बाघ ने किसान पर झपट्टा मारा और जबड़े में दबोच कर ले गया। यह देख अन्य किसानों ने शोर मचाया और सूचना वन विभाग को दी। वनकर्मियों के साथ ग्रामीणों ने जब छानबीन की तो शव घटनास्थल से 500 मीटर की दूरी पर मिला। इस बीच वनकर्मियों ने फायर झोंके। युवक की मौत पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर करते हुए शव को मौके पर से उठने नहीं दिया। बुध वार देरशाम को लालुपूर बांसीटीला गांव में एकाएक मातम छा गया। किसान को बाघ द्वारा मारे जाने के बाद उसकी पत्नी मंजू, दो बेटे अंशु (12) और वंशु (11) का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार में पिता, माता के अलावा छोटा भाई शिवम है। लालुपूर बांसीटीला सीटीआर के ढेला रेंज का ईडीसी गांव है। घटना के बाद सीटीआर व तराई पश्चिमी वन प्रभाग के वन कर्मी सीमा विवाद में उलझ गए। सीटीआर के निदेशक डॉ. धीरज पांडेय ने बताया कि घटनास्थल तराई पश्चिमी वन प्रभाग के आमपोखरा रेंज का है। जबकि तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि यह गांव कॉर्बेट पार्क के ढेला रेंज का ईडीसी गांव है। दूसरी ओर, ग्रामीण भी घटना स्थल को कॉर्बेट पार्क के ढेला रेंज का बता रहे हैं। घटनास्थल पर पहुंचे पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने बताया कि बाघ गांव के आसपास ही घूम रहा है। लगातार उसके दहाड़ने की आवाज आ रही है, जिस कारण ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं ढेला रेंजर भानु प्रकाश हर्बोला ने बताया कि वनकर्मियों की टीम गश्त कर रही है। आमपोखरा रेंज के वन कर्मियों का भी सहयोग लिया जा रहा है।

# रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की निकली भव्य शोभायात्रा

काशीपुर(उद संवाददाता)। रामनवमी के पावन मौके पर समूचे देश के साथ-साथ यहां उत्तराखंड के काशीपुर में भी भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा की एक झलक पाने के लिए मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं का तांता लग गया। शोभायात्रा का मार्ग में दर्जनों स्थानों पर पुष्प वर्षा का स्वागत किया। इसी के साथ-साथ देशभर के देवी मंदिरों व शक्तिपीठों में मां दुर्गा के नौवें रूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के साथ नवरात्रि का विधिवत समापन हुआ। रामनवमी के मौके पर श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के मौके



पर भव्य एवं दिव्या शोभायात्रा का आयोजन किया गया जो महाराणा प्रताप चौक, नगर निगम रोड, मुख्य बाजार, मोहल्ला किला, मुंशीराम का चौराहा, रतन सिनेमा रोड, माता मंदिर रोड होते हुए देर रात्रि तक वापस रामलीला मैदान में पहुंचकर संपन्न हुई. शोभायात्रा के आयोजकों ने बताया कि वैसे तो प्रत्येक वर्ष भगवान राम के जन्मदिवस के अवसर पर शोभायात्रा निकाली जाती रही है. लेकिन 500 साल के बाद इस वर्ष भगवान श्रीराम के अयोध्या में स्थापित होने के बाद पहली बार रामनवमी की शोभायात्रा को भव्य बनाया गया। रामनवमी शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।.रामनवमी शोभायात्रा में भगवान कृष्ण और मीराबाई, लक्ष्मी-गणेश, भगवान शंकर और मां पार्वती के अलावा भगवान राम, लक्ष्मण के साथ हनुमान जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही. इसके अलावा रामनवमी शोभायात्रा में भगवा ध्वज लिए सैकड़ों युवा और महिलाएं आकर्षण का केंद्र रहे।

# रामनवमी पर भंडारा आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री रामनवमी के पावन अवसर पर एवं नवरात्रों के समापन पर पूजा अर्चना के उपरांत शिव पार्वती मंदिर आवास विकास गदरपुर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने लंगर प्रसाद ग्रहण करके रामनवमी की एक दूसरे को शुभकामनाएं प्रदान की। श्री शिव पार्वती



मंदिर समिति द्वारा आयोजित किए गए विशाल लंगर भंडारे का लोगों ने जमकर आनंद लिया इस मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा भावना से अपनी सेवाएं प्रदान कीं गई । वही श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार ,श्री सनातन धर्म मंदिर वार्ड नंबर 10 सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी नवरात्रि के समापन पर मां की पूजा अर्चना के साथ श्री रामनवमी का पावन पर्व श्रद्धा भावना एवं धूमधाम से मनाया गया ।

# विपक्षी नेताओं के आरोप झूठे: मक्कड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दलीप सिंह मक्कड़ मोदी विकास मिशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि जिस तरह से विपक्ष पार्टियों के नेता भाजपा पर आरोप लगा रहे



है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान तोड रहे है झूठा प्रचार कर रहे हैं ताकि संविधान की दुहाई देकर जनता को गुमराह किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत के संविध ान में डॉ. भीम राव अंबेडकर ने अनुसूचित जाति और जनजाती के लोगो के लिए नियम बनाया था कि कोई जाति सूचक शब्दों का प्रयोग न करे। लेकिन कुछ ने इस कानून का दुरुपयोग किया कई लोगो के खिलाफ झूठे मुकदमे लिखे गये। उन्होंने कहा कि श्री मोदी संविधान की पूरी रक्षा कर रहे हैं और तीसरी बार मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी और लोकसभा चुनाव परिणाम में एनडीए को 400 करीब लोकसभा की सीट मिलेंगी।

# नशे में वाहन चला रहे दो चालक गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)।शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त हो गई है। पुलिस ने नशे में वाहन चला रहे दो चालकों को गिरफ्तार किया है। साथ ही वाहनों को सीज कर दिया है। पुलिस ने सख्त लहजे में कहा कि नशे में वाहन चलाने वालों को कतई नहीं बख्सा जाएगा। बैजनाथ थाने के एसआई जीवन सिंह सामंत पुलिस टीम के साथ बैजनाथ बागेश्वर रोड, थाने गेट के पास वाहन संख्या यूके- 01-0733 को चेक किया। वाहन चालक कृष्ण कुमार पुत्र कुशल राम निवासी पूजाखेत थाना द्वाराहाट जनपद अल्मोड़ा शराब के नशे में वाहन चला रहा था। मेडिकल कराने पर नशे में होने की पुष्टि हुई। वाहन में चालक के अलावा तीनअन्य सवारियां भी बैठी थी। चालक के पास वाहन के कोई भी कागजात नहीं मिले। चालक कृष्ण कुमार को शराब के नशे मे वाहन चलाकर यात्रियों की जान जोखिम में डालने एवं बिना डीएल बिना कागजात के वाहन चलाने पर वाहन को सीज कर चालक को मौके पर गिरफतार किया। वही उप निरीक्षक महेश चंद्र चौकी प्रभारी डंगोली ने वाहन संख्या यूके- 02-टीए5757 स्विफ्ट कार के चालक धीरेंद्र सिंह पुत्र हीरा सिंह निवासी डंगोली बागेश्वर को डंगोली के पास शराब के नशे में वाहन चलाने पर मेडिकल परीक्षण कराया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर वाहन सीज किया गया।

# नुक्कड़ सभा में मांगे वोट

गदरपुर(उद संवाददाता)। चुनाव प्रचार खत्म होने से पूर्व बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा वार्ड संख्या 4 में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया



गया।जिसमे मोदी सरकार के विकास कार्यों एवं योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुनी भुसरी द्वारा 19 अप्रैल को लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में वोट करने की अपील की गई।इस मौके पर सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं तमाम कार्यकर्ता शामिल रहे ।

# प्रेक्षकों ने बेवकास्टिंग ड्राइरन का किया अवलोकन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार व व्यय प्रेक्षक टी शंकर ने बेवकास्टिंग कन्ट्रोल कक्ष में बेवकास्टिंग ड्राइरन का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जनपद के 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों की बेवकास्टिंग होनी है। सभी बूथों पर बेव कैमरे इस तरह से लगाये जाये कि मतदान की पूर्ण प्रक्रिया दिखे परन्तु मतदान की गोपनीयता बनी रहे। उन्होने कहा कि 50 प्रतिशत बूथों के मतदान प्रक्रिया पर बेवकास्टिंग के माध्यम से सीधे भारत निर्वाचन के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग की भी सीधी नजर रहेगी। इसलिए सावधानी के साथ व सही जगह कैमरे स्थापित किया जाये। इस दौरान उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण अभिषेक रूहेला आदि मौजूद थे।

# पत्रकार कफील अहमद को मातृशोक

सितारगंज(उद संवाददाता)। पत्रकार कफील अहमद की माता 70 वर्षीय उजरा बेगम का बुधवार की शाम बरेली के निजी अस्पताल में निधन हो गया। शहर के पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त की। शोक व्यक्त करने वालों में अविनाश श्रीवास्तव, हनीफ बाबा, राजेंद्र तिवारी, कासिम अंसारी, अबरार पटौदी, दीपक भारद्वाज, रमेश यादव, अनीस रजा, शानू अंसारी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

## भाजपा को सेंधमारी से 2024 का मुकाबला हुआ रोचक, मंत्रियों और विधायकों की प्रतिष्ठा भी दांव पर





देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव की पांचों सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के पांचों प्रत्याशियों के साथ सरकार के मंत्रियों और पार्टी विधायकों की सियासी प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। चुनाव से पूर्व भाजपा में शामिल हुए कैंसड़ों नेताओं के भाजपा में आने के बाद पूर्व विधायकों ने पार्टी प्रत्याशियों को कितना फायदा दिलाया यह भी देखना दिलचस्प माना जा रहा है। हालांकि भाजपा इस बार भी पांचों सीटों पर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है और उसने हर सीट पर 75 प्रतिशत वोट का लक्ष्य हासिल किया है, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव की तुलना में पार्टी का यह लक्ष्य काफी बड़ा है। वर्तमान में पार्टी के 47 विधायक हैं। इनमें सात धामी सरकार में मंत्री हैं। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय नेतृत्व ने इन विधायकों की चुनाव सक्रियता और प्रदर्शन की परख करने के लिए पर्यवेक्षक भी लगाया है।परीक्षा सातों मंत्रियों की भी है। अकेले गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से सतपाल महाराज, डॉ. धन सिंह रावत और सुबोध उनियाल पर पार्टी प्रत्याशी को अपने चुनाव क्षेत्र और उसके बाहर बढ़त दिलाने का दारोमदार है। हरिद्वार सीट पर प्रेमचंद अग्रवाल और टिहरी सीट पर गणेश जोशी, अल्मोड़ा सीट पर रेखा आर्य और नैनीताल सीट पर सौरभ बहुगुणा के दमखम की भी परीक्षा होगी। टिहरी संसदीय सीट की 14 में से 11 सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के साथ ही इन 11 विधायकों का भी इम्तिहान है। भाजपा ने अपने सभी विधायकों को विधानसभा चुनाव से अधिक वोट पार्टी प्रत्याशी को दिलाने का लक्ष्य दिया है। पुरोला में पूर्व विधायक मालचंद, गंगोत्री में विजय पाल सिंह सजवाण और टिहरी दिनेश धनै के भाजपा में शामिल होने के बाद उनके दमखम को भी परखा जाएगा। तीनों से पार्टी को 60 से 80 फीसदी तक मत हासिल होने की उम्मीद है।गढ़वाल संसदीय सीट पर भाजपा के 13 विधायक हैं। बदरीनाथ सीट कांग्रेस के पास थी। विधायक राजेंद्र भंडारी के इस्तीफे के बाद बदरीनाथ सीट खाली हो गई है। भंडारी अब भाजपा में हैं। चुनाव में बनी यह परिस्थितियां भाजपा के पक्ष में तो है, लेकिन कहीं न कहीं हर विधायक पर अपने-अपने चुनाव क्षेत्र में 2022 के चुनाव से बेहतर प्रदर्शन का दबाव भी है। पार्टी ने उन्हें चुनाव क्षेत्र में बढ़त दिलाने का लक्ष्य दिया है। संसदीय सीट में चौबट्टाखाल सीट पर कांग्रेस के टिकट पर लड़े केसर सिंह नेगी, श्रीनगर से यूकेडी से लड़े मोहन काला, पौड़ी से नवल किशोर, यमकेश्वर से शैलेंद्र सिंह रावत, केदारनाथ में कुलदीप सिंह रावत भी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। उनके आने से पार्टी के वोट प्रतिशत में कितनी बढ़ोतरी हुई, यह भी देखा जाएगा। लैंसडौन में कांग्रेस से चुनाव लड़ी अनुकृति गुसाईं भी पार्टी छोड़ चुकी हैं। हरिद्वार संसदीय क्षेत्र में 14 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से छह सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। इन सीटों में धर्मपुर सीट पर निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे कांग्रेस के दिनेश अग्रवाल अब भाजपा में हैं। इसी तरह ऋषिकेश में चुनाव लड़े कनक धनै भी भाजपा में हैं। इस सीट पर पार्टी के कई पूर्व विधायकों का भी इम्तिहान होगा। 2022 के विधानसभा चुनाव भाजपा को सबसे अधिक नुकसान हरिद्वार जिले में ही हुआ था। चुनाव में घटकर तीन सीटें रह गईं। 2017 में भाजपा के पास 11 में आठ सीटें थीं। इस लिहाज से हरिद्वार लोस में भाजपा को जिताने का दारोमदार सिर्फ विधायकों का ही नहीं, पूर्व विधायकों का भी है। हरिद्वार संसदीय सीट की 14 विस सीटों में से भाजपा के पास छह सीटें हैं। 2022 के लोस चुनाव में भाजपा को इस चुनाव क्षेत्र में खास कर हरिद्वार जिले नुकसान हुआ था। अल्मोड़ा पिथौरागढ़ संसदीय सीट पर भी पार्टी प्रत्याशी के साथ पार्टी के नौ विधायकों की प्रतिष्ठा दांव पर होगी। इस संसदीय सीट में चंपावत सीट से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी सदस्य हैं। सभी विधायकों पर अपने-अपने चुनाव क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी को बढ़त दिलाने का दबाव है। नैनीताल-यूएस नगर में भी भाजपा के नौ विधायकों का इम्तिहान है। इस सीट पर भी विधायकों को 2022 की तुलना में भाजपा को अधिक वोट दिलाने का दबाव रहेगा। पार्टी ने हर सीट ए बी और सी श्रेणी में रखा है। इसी कसौटी पर विधायकों का प्रदर्शन आंका जाएगा। राज्य में 55 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन सभी के शपथ पत्रों का विश्लेषण करने के बाद रिपोर्ट जारी की गई है। इसके मुताबिक, 55 में से एक प्रत्याशी केवल साक्षर, दो प्रत्याशी पांचवीं पास, चार प्रत्याशी आठवीं पास, तीन प्रत्याशी 10वीं पास, आठ प्रत्याशी 12वीं पास हैं। नौ प्रत्याशी ऐसे हैं जो ग्रेजुएट हैं। चार प्रत्याशी ग्रेजुएट प्रोफेशनल हैं। 19 प्रत्याशी पोस्ट ग्रेजुएट हैं। दो प्रत्याशी डॉक्टरेट और तीन प्रत्याशी डिप्लोमा होल्डर हैं।

## हरिद्वार लोकसभा की हॉट सीट पर भी तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों के राजनीतिक कौशल की परीक्षा

हरिद्वार। लोकतंत्र के महापर्व लोस चुनाव में प्रत्याशी तो जीत के लिए जीजान से लगे ही हैं, लेकिन हरिद्वार लोकसभा की सबसे हॉट सीट पर तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई है, क्योंकि कोई चुनावी मैदान में खुद डटे हैं तो किसी के कंधों पर चुनाव जिताने की जिम्मेदारी है। इसलिए हरिद्वार का चुनावी समर तीनों पूर्व सीएम का राजनीतिक भविष्य भी तय करेगा। हरिद्वार संसदीय सीट पर 14 प्रत्याशी मैदान में किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन सबसे खास बात यह है कि इस चुनाव में उत्तराखंड के तीन पूर्व सीएम के राजनीतिक कौशल की भी परीक्षा होनी है। इनमें एक पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत तो खुद चुनावी दंगल में हैं। दूसरे पूर्व सीएम और वर्तमान सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के कंधों पर भी भाजपा प्रत्याशी को जिताने का जिम्मा है। वह इस सीट पर लगातार दो बार सांसद रहे हैं और इस बार पार्टी ने उनकी जगह त्रिवेंद्र को मैदान में उतारा है। तीसरे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत हैं, जिनके बेटे वीरेंद्र रावत कांग्रेस से चुनाव मैदान में हैं। पार्टी हाईकमान से बेटे के लिए टिकट लेकर आए पूर्व सीएम हरीश रावत पर भी कांग्रेस को चुनाव जिताने का भारी दबाव है। माना जा रहा कि हरिद्वार सीट पर भाजपा का प्रदर्शन डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक की राजनीति का आगे का रास्ता तय करेगा। उन पर त्रिवेंद्र रावत की जीत पक्की कराने का दबाव है। त्रिवेंद्र सिंह रावत के लिए भी पार्टी की ओर से मिले इस अवसर को हर हाल में भुनाने का दबाव है। लंबे समय के बाद उन्हें यह अवसर मिला है और उनका प्रदर्शन उनकी भविष्य की राजनीति की दिशा तय करेगा।पूर्व सीएम हरीश रावत का राजनीतिक भविष्य भी बेटे वीरेंद्र रावत के प्रदर्शन पर टिका है। इससे ही पूर्व सीएम रावत का कांग्रेस में राजनीतिक कद तय होगा। ऐसे में तीनों सीएम जीतने और जिताने के लिए चुनाव में खूब पसीना बहा रहे हैं। हालांकि, अब देखना होगा कि कौन से पूर्व सीएम की किस्मत इस लोस चुनाव में खुलती है।





## पेज एक का शेष...

**कड़ी सुरक्षा के साथ पोलिंग...**गये हैं। उन्होंने बताया कि सभी मतदान कर्मियों को पूर्ण पारदर्शिदा व निष्पक्षता के साथ ही शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के निर्देश दिये गये हैं। आज बगवाड़ा मंडी में विधानसभावार काउंटरों पर ड्यूटी पर लगाये गये मतदान कर्मियों को मतदान से सम्बधित सभी सामग्री सौंपकर उन्हें कड़ी सुरक्षा के साथ उनके पोलिंग स्टेशनों को रवाना किया गया। एसएसपी ने बताया कि पोलिंग टीमों को ले जाने वाले वाहनों के खडे होने के लिए बगवाड़ा मंडी के आस पास पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। साथ ही वाहनों को मार्ग में आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए मुख्य मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने बताया कि मतदान स्थल से 200 मीटर की दूरी तक कोई भी वाहन पार्क नहीं किया जा सकेगा। मतदान केन्द्र के अन्दर मोबाईल, कैमरा व अन्य इलैक्ट्रोनिक डिवाईज उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इस दौरान एआरओ कौस्तुभ मिश्रा, एएसपी क्राईम चन्द्रशेखर घोटके, सीओ अनामिका तोमर, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, एसपी सिटी मनोज कत्याल आदि अधिकारी मौजूद थे।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम भारत भूषण (BHARAT BHUSHAN) था अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके भारत भूषण अरोरा (BHARAT BHUSHAN ARORA) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम भारत भूषण अरोरा (BHARAT BHUSHAN ARORA) से ही सम्बोधित किया जाये।

भारत भूषण अरोरा पुत्र श्री लेख राज) निवासी-जी 68, एलाइंस किंगस्टन स्टेट रूद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड


**ईडी ने जब्त की...**आधार पर निवेशकों से हासिल किए थे। इस दौरान लोगों से 10 फीसदी के रिटर्न का वादा किया गया था। ये एक तरह की पोंजी स्कीम थी। निवेशकों के साथ भारी धोखाधड़ी की गई थी। ईडी की जांच में खुलासा हुआ कि राज कुंद्रा को इस घोटाले के मास्टरमाइंड अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन मिले थे। ये बिटकॉइन यूक्रेन में बिटकॉइन माइनिंग में निवेश के लिए मिले थे। लेकिन ऐसा कभी हो नहीं पाया और ये बिटकॉइन आज भी कुंद्रा के पास हैं. जिनकी मौजूदा वैल्यू इस समय 150 करोड़ रुपये से ज्यादा है। बता दें कि 2021 में पोर्नोग्राफी मामले में भी राज कुंद्रा का नाम सामने आया था। इस मामले में उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी। उन्हें 19 जुलाई 2021 को गिरफ्तार कर लिया गया था। उन पर आरोप था कि वो अडल्ट फिल्में बनाते हैं और उन्हें हॉटशॉट्स नाम के एप के जरिए डिस्ट्रीब्यूट करते हैं. वह 63 दिन जेल में रहे लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी।

**चुनावी फायदे के लिए...**तथा प्रस्तर 4.4.2 के (ख)(05) के अंतर्गत अनुमन्य नहीं है। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने इस सम्बंध में कहा कि कांग्रेस पार्टी जिस तरह झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का काम करती है वही काम कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने भी किया है। श्री भट्ट ने कहा है कि कांग्रेस प्रत्याशी को अपने इस झूठ पर जनता से माफी मांगनी चाहिए। वैसे भी कांग्रेस के इस झूठ का हिसाब जनता 19 अप्रैल को करेगी जिसके नतीजे 4 जून को आएंगे।

**यूपी से वाटिंग...** मतदाताओं में से 66752 पुरुष और 61363 महिला मतदाता दर्ज की गई है महिला पुरुष मतदाता के बीच 5389 महिला मतदाता का अंतर पाया गया है। जो कन्या जन्म दर कम होने की पुष्टि करता है। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र में 6 किन्नर मतदाता भी सम्मिलित है।

**चैती मेला देखने...**तथा 15 वर्षीय पुत्र हिमांशु एवं उसकी पत्नी आदेश देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को परिजनों की हवाले कर दिया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है।

**मौत के मुंह में...**एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक तीन भाई दो बहन है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है।

## आईडी का इस्तेमाल कर फर्जी वित्तीय लेन देन करने का आरोप

हल्द्वानी। निजी आईडी का प्रयोग क धोखाधड़ी से फर्जी वित्तीय लेन देन करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग पुलिस से की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अनुकृति अंबिका विहार फेस 2 निकट आम्रपाली होटल निवासी आदित्य गुप्ता पुत्र दिलीप गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने होम लोल लेने के लिए अपना सिविल स्कोर निकाला तो उसे जानकारी हुई कि उसके खाते से फर्जी तरीके से विततीय लेन देन हुआ है। उसके खातों से निजी पहचान पत्र का प्रयोग कर कुछ वित्तीय संस्थाओं को लोन दिया गया है। पीड़ित का कहना है कि उसने इन वित्तीय संस्थानों का नाम तक नहीं सुना है और ना ही इनसे किसी तरह का लोन लिया है।

## 120 देशी शराब के पव्वे समेत तस्कर दबोचा

हल्द्वानी। मंगलपड़ाव चौकी पुलिस ने क्षेत्र से एक युवक को देशी शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मंगलपड़ाव क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री की सूचना मंगलपड़ाव चौकी पुलिस को मिली जिसके बाद पुलिस ने आँचल डेरी वाली लाइन में शराब बेच रहे एक युवक उदय सिंह बिष्ट पुत्र लक्ष्मण सिंह बिष्ट निवासी शिव पुरम कमलुवागांजा रोड मुखानी को धर दबोचा। उसके पास से 120 पव्वे बरामद हुई है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# प्रतिनिधित्व विहीन 'युवाओं' के समक्ष 'बुजुर्ग सांसद' चुनने की बाध्यता

**सूबे में लोकसभा चुनाव लड़ रहे 58 फीसदी प्रत्याशी बुजुर्ग, युवाओं को प्रतिनिधित्व नहीं पर युवाओं का वोट हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर, युवा प्रतिनिधित्व न होने के कारण देवभूमि में चुनावी विमर्श से गायब युवाओं के मुद्दे, सूबे का हर पांचवा युवा मतदाता बेरोजगार**

-अर्श-

रूद्रपुर। उत्तराखंड की सभी पांचो सीटों पर प्रथम चरण में ही कल यानी 19 अप्रैल को मतदान होना है। चुनाव प्रचार के लगभग समूचे दौर में जहां राजनीतिक दलों द्वारा हर वर्ग के मतदाताओं को लुभाने के लिए कई तरह के चुनावी वादे परोसे गए, वही इस दौरान जनता की ओर से भी प्रत्याशियों के समक्ष अनेक ज्वलंत मुद्दे खड़े किए गए। जनता द्वारा सामने लाए गए अमूमन सभी मुद्दों पर प्रत्याशियों ने जनता को अपनी ओर से आश्वास्त तो किया, लेकिन दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों की ओर से बढ़ती बेरोजगारी के मसले पर युवाओं को कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया जा सका। बड़ी विडंबना तो यह है कि समूचे चुनावी विमर्श से युवाओं के मुद्दे लगभग पूरी तरह गायब रहे ,जबकि चुनाव लड़ रहे 58 फीसदी बुजुर्ग प्रत्याशियों के किस्मत के ताले की चाबी उत्तराखंड के 18 वर्ष से 39 वर्ष के 4033278 युवा मतदाताओं के हाथ में ही है । इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि किसी भी प्रमुख राजनीतिक दल ने अपनी ओर से किसी युवा को लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार नहीं बनाया ।बावजूद इसके सूबे में चुनाव लड़ रहे सभी राजनीतिक दल युवा मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है । है ना दिलचस्प बात, कि जो राज्य युवा प्रदेश के रूप में जाना जाता है और जिस राज्य का मुख्यमंत्री भी युवा है ,वहां युवाओं को अपना राजनीतिक भविष्य तय करने का मौका राजनीतिक दलों की ओर से नहीं दिया गया, जबकि युवाओं का वोट सभी राजनीतिक दलों को चाहिए। बताना होगा कि प्रस्तावित आम चुनाव में किस्मत आजमा रहे दोनों युवा प्रत्याशी क्रमश: अविनाश कुमार 26 वर्ष 25 वर्ष एवं बॉबी पवार 26 वर्ष निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़कर युवाओं के मुद्दों की लड़ाई को स्वर देने की कोशिश कर रहे हैं। राजनीतिक दलों द्वारा युवाओं को प्रतिनिधित्व का मौका न दिए जाने के कारण ही शायद इस पर्वतीय राज्य की सियासत की बागडोर सदैव ही बुजुर्ग राजनेताओं के हाथ में देखी जाती है। प्रस्तावित लोकसभा चुनाव का संदर्भ



लें तो उत्तराखंड की पांच सीटों के लिए चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे 58 फीसदी प्रत्याशी बुजुर्ग हैं। इनमें से टिहरी गढ़वाल की भाजपा प्रत्याशी सबसे अधिक उम्रदराज हैं, उनकी उम्र 73 वर्ष है। प्रदेश में लोकसभा की पांच सीट अल्मोड़ा, नैनीताल-उधमसिंह नगर, गढ़वाल, टिहरी और हरिद्वार हैं ।इन पांच सीटों पर 55 प्रत्याशी मैदान में खड़े हैं। इनमें भाजपा और कांग्रेस के पांच-पांच प्रत्याशियों के अलावा यूकेडी के तीन, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के दो, राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी से एक, निर्दलीय 18 व 16 अन्य पार्टियों से हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से हाल ही में जारी रिपोर्ट के मुताबिक इन प्रत्याशियों में 51वर्ष से अधिक उम्र के सर्वाधिक 32 लोग शामिल हैं। इसके अलावा 25 से 40वर्ष आयुवर्ग में 11प्रत्याशी हैं तथा 41से50वर्ष आयुवर्ग के 12प्रत्याशी हैं।टिहरी गढ़वाल सीट में भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह जहां सबसे अधिक उम्र की प्रत्याशी हैं तो वहीं हरिद्वार सीट में सबसे कम उम्र का प्रत्याशी सांसद के लिए अपना भाग्य आजमा रहा है। हरिद्वार सीट के निर्दलीय प्रत्याशी अविनाश कुमार की उम्र 25 वर्ष ही है। अविनाश के अलावा टिहरी गढ़वाल से निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी पवार की उम्र भी 26 वर्ष है। उत्तराखंड की ताजा मतदाता सूची पर नजर डालें तो राज्य के कुल मतदाताओं में 40लाख से अधिक लोग 18 से 39 वर्ष आयु वर्ग के हैं ।इस लिहाज से उत्तराखंड युवाओं का प्रदेश है परंतु यहां की राजनीति आमतौर पर बुजुर्ग नेताओं के इर्द-गिर्द ही घूमती रहती है और उनके द्वारा अपनी राजनीतिक भविष्य को सुरक्षित करते हुए तथा अपनी सुविधा के अनुसार ही युवाओं को राजनीति में आगे जान बढ़ाने का मौका दिया जाता है ,और यह मौका भी उतने ही अनुपात में होता है जिससे युवा, बुजुर्ग सियासतदारो के राजनीतिक अस्तित्व के लिए खतरा न बन सके। यही वजह है की प्रया: प्रत्येक चुनाव में युवाओं की समस्याओं को मुखर स्वर नहीं मिल पाता और उनके मुद्दे चुनावी विमर्श से दूर ही रह जाते हैं। इस चुनाव के हालत भी कमोबेश पहले के चुनाव जैसे ही है ।वर्तमान में बेरोजगारी उत्तराखंड के युवाओं के सबसे बड़ा मुद्दा है। साथ ही राज्य में बेरोजगारों की फौज प्रतिवर्ष बढ़ती ही जा रही है सूबे के सेवायोजन कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक राज्य का हर पांचवा मतदाता इस समय बेरोजगार है। बताना होगा कि प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों में 8,83,346 बेरोजगार पंजीकृत हैं । इनमें 5,40,683 पुरुष और 3,42,663 महिलाएं हैं। इस तरह देखें तो उत्तराखंड में 21।90 फीसदी युवा मतदाता बेरोजगार हैं। ऐसे में उत्तराखंड के युवाओं को प्रमुख राजनीतिक दालों की ओर से बेरोजगारी से निजात का कोई ठोस आश्वासन मिलना चाहिए था, लेकिन प्रस्तावित आम चुनाव के पूरे प्रचार के दौरान बेरोजगारी दूर करने संबंधी कोई कारगर रोड मैप, राजनीतिक दलों की और से युवा बेरोजगारों के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में 30 लाख नौकरियां राष्ट्रीय स्तर पर दिए जाने की बात अवश्य कही गई है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र नौकरियां दिए जाने के संबंध में एक तरीके से मौन ही है ।

# बाबा अनूप सिंह पर दर्ज केस वापस लेने की मांग

गदरपुर( उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में गुरुद्वारा श्रीहरगोविंद सर रतनपुरा नवाबगंज के डेरा प्रमुख बाबा अनूप सिंह को नामजद किए जाने पर समर्थकों में आक्रोश है। बुधवार को गुरुद्वारा परिसर में विशाल सभा आयोजित कर बाबा अनूप सिंह पर दर्ज मुकदमे को वापस करने की मांग दोहराई गई। सभा के दौरान उधम सिंहनगर, रामपुर, बिजनौर, बरेली और पीलीभीत सहित कई जिलों से पहुंचे वक्ताओं का कहना था कि बाबा अनूप सिंह ने खालसा पंथ की मर्यादा के अनुरूप समाज भलाई के कार्यों में बढ़-चढ़कर योगदान दिया जा रहा है। पिछले 20 वर्षों से बाबा अनूप सिंह शिक्षा, खेल एवं अन्य सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहे हैं। उन्होंने मीरी पीरी खालसा एकेडमी के माध्यम से विगत 12 वर्षों से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कर देश विदेश में संस्था की विशिष्ट पहचान बनाकर क्षेत्र में शिक्षा और खेलकूद के विकास के नित्य नए आयाम स्थापित किए हैं। यही नहीं बाबा अनूप सिंह द्वारा शिक्षा और खेलों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों की समय समय पर हर संभव मदद की जाती है। उनके प्रयासों से रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज एवं इंजीनियरिंग की पढ़ाई हेतु मौसम कोचिंग सेंटर की शुरुआत की गई है।सिख समाज को मजबूत और एकता के सूत्र में बांधने में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा। ऐसे व्यक्तित्व के स्वामी पर हत्या जैसे मामले में केस दर्ज किए जाने से समर्थकों की भावनाएं आहत हुई हैं। वक्ताओं का कहना था बाबा अनूप सिंह ने हमेशा से ही प्रशासन का हर स्तर पर सहयोग किया है। उनका कहना था कि गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या की घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है। पुलिस प्रशासन ने बिना जांच कराए बाबा अनूप सिंह पर केस दर्ज किया है। प्रदेश सरकार को मामले की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। सभा के उपरांत समर्थकों ने हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर रैली निकाली। पोस्टर और बैनर में ' वीर जी निर्दोष हैं, संगत वीर जी के साथ है' जैसे स्लोगन लिखे हुए थे। समर्थकों का कहना था कि बाबा अनूप सिंह पर दर्ज केस को निरस्त किया जाए। विशाल सभा का मलकीत सिंह बाजवा ने किया। इस मौके पर डा. दलजीत सिंह, सुरेन सिंह, नवदीप सिंह, सुखविंदर सिंह, कश्मीर सिंह, दरबारा सिंह, डा . अमर सिंह, अजीत सिंह, तिरेंदर सिंह, गुरदीप सिंह, परमजीत सिंह भिंडर, सुरेंद्र सिंह संधू, जसविंदर सिंह मलसी, हरमन जोत सिंह, डा. अमर सिंह, गुरबाज सिंह, सतेंद्र सिंह, बलजीत सिंह मिंटू, प्रगट सिंह, मनजीत सिंह संधू,दलविंदर सिंह अमरिया, मनप्रीत सिंह, सुखविंदर कौर, मनदीप कौर, सतनाम कौर, चरणजीत कौर, जगजीत कौर, ममता बाजपेई, रंजीत कौर, बलजिंदर कौर, सीमा रानी, बलजीत कौर सहित तमाम पुरुष एवं महिला समर्थक मौजूद थे।



# राम नवमी पर कुष्ठ आश्रम में हवन पूजन और भंडारा का आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।रामनवमी के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ किच्छा रोड स्थित कुष्ठ आश्रम पहुंचे और बतौर यजमान उन्होंने वहां पूजा अर्चना की और विशाल भंडारे का आयोजन किया। गौरतलब कि रामनवमी को लेकर कुष्ठ आश्रम में 24 घंटे तक राम नाम का जाप किया जाता है उसके पश्चात अगले दिन हवन यज्ञ के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम के यजमान भाजपा नेता



चुघ रहे। उन्होंने भगवान से आशीर्वाद लेकर देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रध ानमंत्री बनने और नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से अजय भट्ट के दूसरी बार सांसद बनने की कामना की। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जो समाज के सभी वर्गों का विकास करती है, ऐसे में पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भारत ने नई ऊंचाइयां छुई हैं। जिस प्रकार से पीएम मोदी ने कहा था कि 10 वर्ष का कार्यकाल एक ट्रेलर है और आने वाले कार्यकाल में यह देश ऐतिहासिक रूप से नई नई उपलब्धियां छूएगा ।इस दौरान हयात राम, नारायण सिंह ,उमाशंकर कौशल ,रामचंद्र पुजारी ,दिलीप सिंह ,राजू सिंह ,चंद्रशेखर यादव, राज कोली ,दर्शन कोली, सनी पासवान शिव कुमार शिबू समेत कुष्ठ आश्रम के तमाम लोग मौजूद थे।


